


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 201 ग्वालियर शुक्रवार,12 मई 2023 पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए




## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका, हाई कोर्ट का आदेश बरकरार रखा, एम पी में जारी रहेगी नर्सिंग परीक्षा पर रोक



मध्य प्रदेश में नर्सिंग परीक्षाओं पर जारी रोक नहीं हटेगी। सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने परीक्षा पर लगाई गई रोक हटाने की मांग की गई थी। आपको बता दें कि मप्र हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच ने बीती 28 अप्रैल को नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले में अहम् फैसला सुनाते हुए नर्सिंग परीक्षाओं पर रोक लगाने वाले अपने 27 फरवरी के आदेश को बरकरार रखा और सभी 364 कॉलेज की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।स्ष्ट ने छात्रों की याचिका खारिज की, ग्वालियर का आदेश बरकरार रखा नर्सिंग परीक्षाओं पर रोक लगने के बाद वे छात्र बहुत परेशान हैं जो नर्सिंग कॉलेज के इस फर्जीवाड़े का शिकार हुए हैं, निजी कॉलेज के कुछ छात्रों ने परीक्षा पर लगी रोक के ग्वालियर हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन दायर की थी, जिसमें सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा पर लगी को हटाने से इंकार कर दिया और ग्वालियर हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।

**27 फरवरी को हाईकोट ने लगे थी नर्सिंग परीक्षा पर रोक** –गौरतलब है कि अधिवक्ता दिलीप कुमार शर्मा की याचिका पर ग्वालियर हाई कोर्ट ने 27 फरवरी को परीक्षाओं पर रोक लगाई थी, 28 अप्रैल को जब इस मामले की सुनवाई हुई तो ग्वालियर हाई कोर्ट ने नर्सिंग परीक्षाओं पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी, सीबीआई प्रदेश के 364 नर्सिंग कॉलेजों की जांच कर रही है।

हाई कोर्ट ने सीबीआई को 2020 से कॉलेजों के मापदंडों की जांच करने का आदेश दिया है, हाई कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिए कि वो ये जांच करे कि 2020-21 की स्थिति में कौन से नरसिंह कॉलेज वैध है और कौन से अवैध, यानि इस दौरान कहाँ इं?ास्ट्रचर था, फेकल्टी थी, बच्चों ने कब एडमिशन लिया आदि सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं को जांचें और अपनी रिपोर्ट पेश करे।

**12 मई को होगी मामले की अगली सुनवाई**–इस मामले में हाई कोर्ट के निर्देश पर मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल को भी बनाया पक्षकार बनाया गया है, मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी, जिसमें सीबीआई 364 कॉलेजों की जांच रिपोर्ट कोर्ट के सामने प्रस्तुत करेगी।

### भोपाल में कांग्रेस की नारी सम्मान योजना लॉन्च, सुरेश पचौरी ने कहा 'प्राण जाए पर वचन न जाई'



मध्यप्रदेश में आज कांग्रेस ने 'नारी सम्मान योजना' लॉन्च की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में एक जनसभा में इसका शुभारंभ किया वहीं राजधानी भोपाल में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व मंत्री दीपक जोशी जी और मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल ने इसकी शुरुआत की। इस मौके पर सुरेश पचौरी ने कहा कि हमारा मेनिफेस्टो नहीं वचन पत्र है और प्राण जाए पर वचन न जाई रीत के अनुसार हम अपना हर वचन निभाएंगे।इस मौके पर उन्होने पत्रकारों को संबोधित करते हुए योजना के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ उन्होने शिवराज सरकार पर जमकर हमला किया। सुरेश पचौरी ने कहा कि महिला अत्याचारों के मामले में मध्यप्रदेश नंबर वन है। वहीं 'लाडली बहना योजना' की विसंगतियां गिनाते हुए उन्होने पात्र और अपात्र महिलाओं के नियम बताए। उन्होने कहा कि उस योजना में पात्रता की शर्तें इतनी ज्यादा है कि ज्यादातर महिलाएं इसके लिए पात्र नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस इन विसंगतियों को दूर करेगी और 'नारी सम्मान योजना' के लिए पात्रता की कैटेगरी सुधार करेगी। इन शर्तों को शिथिल किया जाएगा जो फिलहाल शिवराज सरकार की योजना में लागू है।वहीं इस सवाल पर कि क्या कांग्रेस की सरकार बनने पर क्या आप पात्रता के मापदंड बदल तो नहीं देंगे, के जवाब में सुरेश पचौरी ने कहा कि 'हम कांग्रेस का मेनिफेस्टो नहीं वचनपत्र कह रहे हैं। हम हर तरह से अपने वादे निभाएंगे। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई।' उन्होने कहा कि एक बार कांग्रेस सरकार बन जाने दीजिए, उसके बाद हम अपने किए सारे वचन निभाएंगे।इस अवसर पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हमने हिमाचल में भी इस योजना की शुरुआत की है और राजस्थान में भी 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। अब मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार बनने पर हम पूरी ईमानदारी से इन वचनों का पालन करेंगे।

## 14 मई को सागर आएंगे

# मुख्यमंत्री कुशवाहा समाज के सम्मेलन में होंगे शामिल, अफसरों ने शुरू की तैयारियां

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 मई को सागर आएंगे। वे सागर में आयोजित होने वाले संभागीय कुशवाहा समाज के सम्मेलन में शामिल होंगे। सीएम के आगमन को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कलेक्टर दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी और टीम के साथ कार्यक्रम स्थल पीटीसी ग्राउंड व पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड सहित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आर्य ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर आने जाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। वीआईपी व्यक्तियों के आवागमन के लिए अलग मार्ग की व्यवस्था की जाए। सम्मेलन में आने वाले सभी व्यक्तियों के लिए अलग अलग मुख्य द्वार बनाए जाएं।जिससे किसी भी व्यक्ति को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में असुविधा न हो। सभास्थल पर चारों तरफ शुद्ध पेयजल के टैंकर रखे जाए। कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ समेत



चार एंबुलेंस तैनात की जाए। साथ में फायर ब्रिगेड भी रखी जाए। कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाएं। इसके अलावा हेलीपैड पुलिस लाइन से लेकर पीटीसी ग्राउंड तक मुख्यमंत्री चौहान के लिए व्यवस्थित मार्ग निर्धारण किया जाए। जिससे कहीं भी आवागमन प्रभावित न हो।पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था के लिए जगह चिंहित की। जिसमें एमएलबी स्कूल, एनआईयू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वृंदावन शादीघर के पास वाला मैदान, वात्सल्य स्कूल, इमानुएल स्कूल, स्वीडिश मिशन स्कूल, इमानुएल स्कूल के सामने से जाने वाली घाटी रोड सहित अन्य पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग स्थलों पर पेयजल के लिए टैंकर रखे जाए। पुलिस बल भी तैनात किया जाए। पार्किंग स्थल से लेकर सभा के आयोजन स्थल तक आने के लिए जगह जगह फ्लेक्स लगाएं, जिससे कि सभा स्थल तक आने में परेशानी का सामना न करना प?। कार्यक्रम स्थल की ड्रोन कैमरे



के माध्यम से निगरानी की जाए। साथ ही जल्द यातायात रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

## शिक्षकों कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर, मिलेगा नए वेतन आयोग का लाभ, वेतनमान-एरियर के लिए प्रस्ताव तैयार,

शिक्षक-कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल उनके वेतनमान का निर्धारण किया जाएगा। उन्हें नए वेतनमान का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेज दिया गया है। इसका लाभ कई कर्मचारी को मिलना है। इसके साथ ही उनके वेतन में भी वृद्धि देखी जाएगी। माना जा रहा है कि उनके वेतन बढ़कर 30000 रुपए तक हो सकते हैं।

**वेतनमान का निर्धारण किया जाएगा**–झारखंड के कोल्हान विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों के वेतनमान का निर्धारण अब तक नहीं हो सका है ।उनके वेतनमान का निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए सिंडिकेट द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके साथ ही प्रस्ताव



तैयार कर ॥त्रष्ठ को भेज दिया गया है। इसका लाभ के कर्मचारियों को मिलेगा। दरअसल कुछ कर्मचारियों का निधन हो चुका है जबकि कई कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। रिटायर कर्मचारियों को जोड़कर उनका भुगतान किया जाएगा।

विश्वविद्यालय से पिछले कई वर्षों से सातवें वेतनमान को शुरू करने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन कागजी प्रक्रिया सही नहीं होने की वजह से मामला लंबित चला गया था। लंबे समय से कर्मचारी नए वेतनमान की मांग करते हुए कर्मचारियों को छठे और सातवें वेतनमान का निर्धारण कर इसे ॥त्रष्ठ को भेज दिया गया है। शिक्षकेतर कर्मचारियों को नए वेतनमान के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

**नहीं मिल रहा सातवें वेतनमान का लाभ**–बता दें कि विश्वविद्यालय के कर्मचारी कर्मचारियों को अब तक सातवें वेतनमान का लाभ नहीं मिला है। लगातार विश्वविद्यालय के चक्कर काटने के बावजूद की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा रहा है। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि वेतनमान का निर्धारण होने के साथ ही अब राहत की सांस ली गई है।

### राज्य शासन ने आबकारी अधिकारियों के तबादले किये,




मध्य प्रदेश शासन ने आबकारी अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किये हैं, शासन के वाणिज्यिक कर विभाग ने 5 जिला आबकारी अधिकारियों को नई जगह पदस्थ किया है। इनमें से कुछ अधिकारियों को प्रशासकीय आधार पर और कुछ अधिकारियों को स्वयं के व्यय पर ट्रांसफर किया गया है।तबादला आदेश में प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त रायसेन दीपम रायुचरा को प्रभारी सहायक आयुक्त भोपाल, प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल राकेश कुर्मी को कार्यालय आबकारी आयुक्त मुख्यालय ग्वालियर, जिला आबकारी अधिकारी नरसिंहपुर अमृता जैन को कार्यालय राज्य स्तरीय उ?न दस्ता भोपाल, जिला आबकारी अधिकारी सीहोर कीर्ति दुबे को कार्यालय उपायुक्त संभागीय उ?न दस्ता रीवा, कार्यालय राज्य स्तरीय उ?न दस्ता भोपाल में पदस्थ जिला आबकारी अधिकारी दीपक अवस्थी को प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त सागर पदस्थ किया गया है।

### 11 मई को कच्चे तेल में आया उछाल, एम पी के कई जिलों में महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

ग्लोबल मार्केट में 11 मई को ऑयल के भाव में उछाल देखा गया है। ब्रेंट क्रूड 0.71 फीसदी वृद्धि के साथ 76.95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच चुका है। वहीं डब्ल्यूटीआई में 0.69 फीसदी की बड़ोत्तरी दर्ज की गई है, इसके भाव 73.06 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच चुके हैं। तेल कंपनियों ने भी आज पेट्रोल और डीजल के नए रेट जारी कर दिए हैं। मध्यप्रदेश समेत देश के कई



राज्यों में ईंधन के भाव में बदलाव हुआ है। राजधानी भोपाल में ईंधन के भाव स्थिर हैं। इसके अलावा छिंदवाड़ा, दतिया और इंदौर में कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**इन जिलों पेट्रोल हुआ महंगा**–भारत के कई राज्यों की तुलना में एमपी के पेट्रोल की कीमत ज्यादा है। यहाँ इसकी कीमत 108-112 रुपये तक है। विदिशा में 0.42 रुपये, टीकमगढ़ मे 0.26 रूपये, रीवा में 0.34 रुपये,मुरैना में 0.51 रुपये, खंडवा में 0.89 रुपये, जबलपुर में 0.50रुपये, देवास में 0.54 रुपये, देवास में 0.59 रुपये, भिंड में 0.62 रुपये, बैतूल में 0.48 रूपये, बालाघाट में 0.59 रुपये और अशोकनगर में 0.79 रुपये की वृद्धि हुई है। इसके अलावा बुरहानपुर, हरदा, खरगोन, मंडला, नीमच, पन्ना, सागर, सीहोर, शाजापुर और सिंगरौली में भी पेट्रोल महंगा हुआ हअलीराजपुर, अनुपुर, छतरपुर, दमोह, गुना, ग्वालियर, होशंगाबाद, झाबुआ, रायसेन, राजगढ़ सीधी, उज्जई और उमरिया में पेट्रोल और डीजल के भाव में मामूली गिरावट हुई है। विदिशा में 0.38 रुपये, रीवा में 0.32 रुपये, मुरैना में 0.46 रुपये, खंडवा में 0.81 रुपये, जबलपुर में 0.46 रुपये, धार में 0.49 रुपये, भिंड में 0.57 रुपये, बैतूल में 0.44 रुपये, बालाघाट में 0.54 रुपये और अशोकनगर में 0.71 रुपये की वृद्धि डीजल के भाव में हुई है।

## नरोत्तम मिश्रा की कमल नाथ को दो टूक, एमपी में बजरंग दल पर प्रतिबंध



कर्नाटक चुनाव घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर कांग्रेस ने देश का सियासी पारा चड़ा दिया है, बजरंग दल पर प्रतिबंध की बात अब मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस के नेता करने लगे हैं जिन्हें प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज करारा जवाब दिया है।मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपने अपने तरीके से मतदाता को रिझाने में अभी से जुट गई हैं। इस बीच कांग्रेस ने कर्नाटक में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से कर सरकार बनने पर उसपर प्रतिबंध लगाने का वादा चुनाव घोषणापत्र में कर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।कर्नाटक से निकली बजरंग दल पर प्रतिबंध की हवा मध्य प्रदेश भी पहुँच गई है, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कांतिलाल भूरिया और सज्जन सिंह वर्मा ने बयान दिया है कि उनकी सरकार बनने पर मध्य प्रदेश में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। कांग्रेस नेताओं का बयान सामने आने के बाद भाजपा नेताओं की क?ी प्रतिक्रिया सामने आई है।मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर पलटवार किया है,

### 10वीं–12वीं के छात्रों का जल्द इंतजार होगा खत्म,

एम पी बोर्ड परीक्षा को पास करने के लिए, छात्रों को कम से कम 33 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे और वे जो असफल होते हैं, वे सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा, मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) के कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। खबर है कि 20 मई के बाद कभी भी 10वीं और 12वीं रिजल्ट जारी किया जा सकता है, इसके लिए मंडल ने तैयारियां शुरू कर दी है।पहले 12वीं का रिजल्ट जारी होगा और फिर 10वीं के नतीजे आएंगे। हालांकि मंडल द्वारा अभी तक रिजल्ट की फाइनल डेट जारी नहीं की गई है।

## पूर्व मंत्री का दर्द 'बीजेपी कर रही है कांग्रेस को जिंदा करने का काम'

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रहीं बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री कुसुम मेहदेले का दर्द एक बार फिर सामने आया है। उन्होंने पार्टी के भीतर चल रहे वर्तमान कार्यकलापों पर असंतोष प्रकट किया है और कहा है कि बीजेपी मध्यप्रदेश में मृतप्राय पड़ी कांग्रेस को जिंदा करने का काम कर रही है।लंबे समय से बुंदेलखंड की जानी-मानी बीजेपी नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुकी कुसुम मेहदेले के तेवर इन दिनों तल्ख हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं रघुनंदन शर्मा, भंवर सिंह शेखावत और गौरीशंकर शेजवार का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं को हाशिये पर डालने के चलते ही विरोध के स्वर सामने आए हैं और दीपक जोशी तो पार्टी ही



छोड़ गए। ग्वालियर चंबल संभाग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बीजेपी ने तश्तरी में रखकर वहां की सीटें दे दी। सरकार बनाने के लालच में माया सिंह और जयभान सिंह पवैया जैसे नेता नेपथ्य में चले गए।उन्होंने कहा कि अब बीजेपी नेताओं का एकमात्र उद्देश्य येन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहना रह गया है, भले ही बीजेपी का कांग्रेसीकरण हो जाए। उन्होंने सवाल किया कि जब कांग्रेस के लोग बीजेपी में आ जाएंगे तो बीजेपी के पुराने लोग कहां जाएंगे जिन्होंने इतनी मेहनत कर पार्टी को खड़ा किया। मेहदेले ने कहा कि मुझे याद है मैं वकालत करती थी और दिन भर में जो भी कमाई होती थी उसे पार्टी फंड में जमा कर दिया करती थी ताकि पार्टी खड़ी हो सके। जनसंघ को बीजेपी में बदलने का काम हम लोगों ने बहुत मेहनत से किया और इस पार्टी में लालकृष्ण आडवाणी जैसे राष्टीय अध्यक्ष और सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी व अटल जी जैसे लोग हुए हैं

## कमलनाथ ने लॉन्च की 'नारी सम्मान योजना,

# शिवराज पर जमकर बरसे, बताया 'शिलान्यास मंत्री'

कमलनाथ ने आज 9 मई को छिंदवाड़ा में 'नारी सम्मान योजना' लॉन्च की। इस दौरान वो बीजेपी और शिवराज सिंह चौहान पर जमकर बरसे। उन्होने कहा कि 'शिवराज जी..समय आ गया है। अब पांच महीने बचे हैं और जनता सामने बैठी है। मध्य प्रदेश की जनता आपको प्यार से विदा करेगी और घर बिठाएगी।' उन्होने कहा कि एक बार फिर मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस का झंडा लहराएगा।'नारी सम्मान योजना' के बारे में उन्होने कहा कि कांग्रेस प्रदेश की हर महिला के बारे में सोच रही है और सभी को 1500 रुपये मासिक और 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। सी के साथ उन्होने सवाल किया कि 'मैं आपके पूछना चाहता हूं..माता बहनों को हर महीने 1500 रूपये चाहिए, किसानों को कर्ज माफी चाहिए, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन चाहिएए, सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली चाहिए, युवाओं को रोजगार और उद्योग चाहिए' अगर ये सब चाहिए तो कांग्रेस का साथ दीजिए। उन्होने कहा कि 2018 में हमने वोट से सरकार बनाई थी और 2020 में बीजेपी ने सौदेबाजी से सरकार बनाई। इस दौरान उन्होने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हम कोयले उन कंपनियों की लीज़ कैंसिल करेंगे जहां खदानें बंद हो गई है और उन्होने कब्जा किया हुआ है। उनकी लीज कैंसिल कर वो जमीन गरीबों को आवास के लिए दी जाएगी।

**शिवराज पर जमकर हमला**–इस दौरान कमलनाथ ने मंच से मुख्यमंत्री शिवराज पर जमकर




हमला किया। उन्होने कहा कि शिवराज जी के कान बेरोजगार नौजवानों की पुकार सुनने के लिए बंद हैं, उनकी आंखें किसानों की बदहाली देखने के लिए बंद हैं। उनके आंख कान बंद है लेकिन बस मुंह चलता है। अगले 5 महीने में चुनाव हैं और इसीलिए अब शिवराज जी जगह जगह जा रहे हैं। वो घोषणाओं की मशीन बन गए हैं, झूठ की मशीन बन गए हैं। कमलनाथ ने उन्हें घेरते हुए कहा कि शिवराज जी अब मुख्यमंत्री तो क्या हैं, ये तो शिलान्यास मंत्री हैं..ये भूमिपूजन मंत्री हैं। उन्होने कहा मुख्यमंत्री बहुत व्यस्त हैं। उनके एक हाथ भ्रष्टाचार में और दूसरा अत्याचार में व्यस्त है। उन्होने सवाल किया कि शिवराज जी जनता को जवाब दें कि बीजेपी ने 18 साल के शासनकाल में क्या दिया। उन्होने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घर घर में शराब और आदिवासियों को अत्याचार दिया।

आता है। 5 महीने में बीजेपी पुलिस पैसे प्रशासन का जितना उपयोग कर सकती है कर ले। लेकिन अब जनता बीजेपी और सीएम शिवराज को पहचान रही है और चुनावों में वो उन्हें आईना दिखा देगी।

### 'जनता देगी जवाब'

उन्होने कहा कि कांग्रेस की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है लेकिन आज हमारी संस्कृति पर हमला हो रहा है। माताओं-बहनों ने हमेशा सामाजिक मूल्यों की रक्षा की है। भारत अपने सामाजिक मूल्य पर टिका है और आज आपको फिर इसका रक्षक बनना पड़ेगा। उन्होने महिलाओं से आह्वान किया कि सिर्फ अपन घर मत देखिए, आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचिए कि आपको कैसा प्रदेश और देश उन्हें सौंपना है। यही आज हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। कांग्रेस ने महिलाओं का हमेशा सम्मान किया है।

# सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के विद्यार्थियों को माईसेम सीमेंट प्लांटो को भौतिक रूप से दिखाया गया





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** माईसेम सीमेंट प्लांट द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दमोह के फाइनल ईयर सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के सभी विद्यार्थियों एवं सिविल विभाग के अध्यापको को माईसेम सीमेंट के दमोह में स्थित दोनों प्लांटों को भौतिक रूप से दिखाया गया। जिसमे उन्होंने देखा की किस प्रकार विश्व की सबसे ब?ी कंपनी हाइडेलबर्ग सीमेंट जिसका उत्पाद माईसेम सीमेंट है उसका उत्पादन भारतीय मानक को ध्यान में रखकर उच्च गुणवत्ता के साथ नरसिंहग? फैक्ट्री में निरंतर किया जा रहा है। विद्यार्थियों एवं सिविल विभाग के अध्यापको ने सीमेंट उत्पादन में उपयोग हो रहे सभी रॉ मटेरियल को भौतिक रूप से देखा साथ साथ देखा की कंपनी हर एक स्टेप पर मटेरियल की गुणवत्ता की जाँच करती है जिससे कि उत्तम गुणवत्ता का सीमेंट का उत्पादन हो ताकि निर्माण कार्य को बेहतर बनाया जा सके।शासकीय पॉलिटेक्निक के सिविल विभाग के एच.ओ.डी. सिद्धार्थ जावरकर, टी.पी.ओ. रोहित यादव, आयुष मिश्रा एवं नितिन मिश्रा ने विशेष रूप से बताया की कंपनी काफी मेहनत के साथ सीमेंट का उत्पादन तो कर रही है साथ साथ सम्पूर्ण प्लांट को स्वच्छता के साथ चलाया जा रहा है और कंपनी पुरे प्लांट के अंदर एवं बाहर वृक्षों को लगाकर हरियाली बनाये हुए है ताकि प्लांट स्थित जगह का तापमान शहर के तापमान से 2 से 3 डिग्री कम रह सके। यह कंपनी सीमेंट उत्पादन की विश्व की दूसरी ब?ी कंपनी है जो विश्व के 50 से अधिक देशो में 150 वर्षो के अनुभव के साथ सोशल जिम्मेदारी को ध्यान में रखकर जर्मन तकनीकी के साथ सीमेंट बना रही है। हम सभी दमोह तथा आसपास के जिले के निवासियों को इस सीमेंट को अपने निर्माण कार्य में उपयोग कर लाभ लेना चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना प?। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में माईसेम सीमेंट प्लांट के हेड सुनील कुमार, लॉजिस्टिक हेड कमल महेश्वरी, एडमिन इंचार्ज दीपक ठाकुर, क्वालिटी हेड विजय श्रीवास्तव तथा एम पी-2 के कस्टमर सर्विस इंचार्ज इंजी.सर्वेश श्रीवास्तव के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे दमोह के कस्टमर सर्विस अधिकारी इंजी. मुकेश भुसारे, मोबाइल लैब इंजीनियर महेंद्र पटेल उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों की शिकायतों समस्याओं के त्वरित निराकरण, उन्हें प्रदत्त सुविधाओं उनके अधिकारों को संरक्षित किये जाने

## आयुक्त निःशक्तजन चलित न्यायालय का आयोजन 24 मई को जबेरा में

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत् दिव्यांगजनों की शिकायतों/समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से तथा उन्हें प्रदत्त सुविधाओं एवं उनके अधिकारों को संरक्षित किये जाने हेतु आयुक्त, निञ्शक्तजन मध्यप्रदेश का चलित न्यायालय (मोबाईल कोर्ट) का अयोजन 24 मई 2023 को किये जाने जिसमें दिव्यांगजनों की समस्याओं की सुनवाई यथासंभव तत्समय ही निराकण आदेश पारित किये जायेंगे। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया आयोजन दमोह जिले की जनपद पंचायत जबेरा में 24 मई 2023 को प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों में सुनवाई/निराकरण होगे, आयोजन स्थल कवर्ड/बाधारहित हो, के साथ ही लंच पैकिट, स्वच्छ पानी, साफ सफाई, बैठने हेतु पर्याप्त कुर्सी, मोबाईल कोर्ट का स्थान कवर्ड हो, आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैनर, फलेक्स का प्रारूप/ काउंटर व्यवस्था, पंजीयन रजिस्टर प्रारूप आदि पत्र के साथ संलग्न कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जबेरा को सुनिश्चित करने कहा गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा है मोबाईल कोर्ट के आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु संपूर्ण जिले की ग्रामीण एवं नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है। आयुक्त, निञ्शक्तजन से प्राप्त ब्रोशर, पंपलेट/आवेदन पत्र के प्रारूप प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव/नगरीय निकाय में वार्ड प्रभारी को आवश्यक पंपलेट/ब्रोशर उपलब्ध कराये जाये। सचिव/वार्ड प्रभारी द्वारा प्रत्येक दिव्यांग को मोबाईल कोर्ट आयोजन की जानकारी दी जाये, ताकि दिव्यांगजन आपने पास उपलब्ध अभिलेखों को मोबाईल कोर्ट में प्रस्तुत कर अनावश्यक परेशानी से बच सके। मोबाईल कोर्ट आयोजन हेतु प्रमुख जानकारी जो कि पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराई जा रही है का पालन सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा है मोबाईल कोर्ट आयोजन की तिथि को दिव्यांगों की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र अपनी समस्याओं/शिकायतो को लेकर प्रस्तुत किया जा सके। सभी आवेदन पत्रों को पंजीयन करने हेतु काउंटर स्थापित कर लिये जाये। ऐसे आवेदन पत्रों पर शिकायत से संबंधित विभागीय अधिकारियों से अभिमत प्राप्त करते हुये आयुक्त, निञ्शक्तजन मध्यप्रदेश के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे।दिव्यांगजनों की शिकायतों/समस्याओं के निराकरण के लिये चलित न्यायालय (माबाईल कोर्ट) का अयोजन निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाना है। जिला दमोह के जनपद पंचायत जबेरा में 24 मई 2023 समय प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक इस मोबाईल कोर्ट में दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी शिकायत, शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश में आरक्षण से संबंधित शिकायत, शासकीय रोजगार/नौकारियों में आरक्षण से संबंधित शिकायत, दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियत 2016 के तहत् शासकीय आदेश अन्य सरकारी निर्देशों इत्यादि के तहत् प्रदत्त अधिकारों एवं सुविधाओं से संबंधित शिकायत, दिवयांगता के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव संबंधी शिकायत एवं अन्य शिकायातें जो दिव्यांगजनों के अधिकार को हनन करती हो आदि शिकायतों की सुनवाई की जायेगी। उपरोक्त चलित न्यायालय के आयोजन में किसी भी प्रकार की पूर्व में की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में अथवा अतिरिक्त जानकारी चाहे जाने की स्थिति में इस कार्यालय के दूरभाष अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के मोबाईल नंबर 9425139344 अथवा सहायक संचालक सुनील कुमार शर्मा के मोबाईल नंबर 8770186269 अथवा जिल सहायक मंगलेश्वर अड्यालकर के मोबाईल नंबर 6260542793 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अनुज ठाकुर बने कांग्रेस आईटी सेल के शहर अध्यक्ष



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभय तिवारी के निर्देशानुसार विधायक अजय टंडन, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, शहर अध्यक्ष मनु मिश्रा, रंजीता गौरव पटेल, मंजू वीरेन्द्र राय, राजा राय की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष अरूण दुबे ने युवा अनुज ठाकुर को शहर आईटी सेल का अध्यक्ष नियुक्त किया है उनके मनोनयन पर भूपेन्द्र आजमानी, मुख्तार जाफरी, आशीष पटेल, अजय सरवरिया, मंजीत यादव, अजय जाटव, अनिल जैन, मानक राय, मोहित गुप्ता जनपद सदस्यों नगर पालिका के पार्षदो सहित अनेकों कांग्रेसजनों ने बधाई दी है। साथ ही दिनेश अहिरवार को कमलनाथ जी अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देशानुसार विधायक अजय टंडन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव के मैनवार फुटेरा के युवा दिनेश अहिरवार को बटियाग? ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है उनके मनोनयन पर बटियागढ़ ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार लोधी, सुरेन्द्र रजक, चंद्रभान, रवि अहिरवार, जितेन्द्र सींग, बब्लू अहिरवार ने बधाई दी है।

# शिव कथा में मनाया गया श्री शिव पार्वती का भव्य विवाह

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शिव महापुराण कथा के छठवें दिन चित्रकूटधाम से पधारे कथावाचक पं. सन्तोष तिवारी शास्त्री ने कहा कि सभी को चाहिये कि दूसरे के घर में भोजन करने से पहले ये बात सुनिश्चित करें कि इस व्यक्ति का अन्न कैसा है। इसकी आय कहां से है कहीं गलत जगह का धन तो नहीं है, दूषित अन्न, पाप से कमाया अन्न, अनीति व दूसरे को कष्ट देकर कमाया अन्न कभी की गृहण न करे, क्योंकि अशुद्ध अन्न बुद्धि में ताला लगा देता है, बुद्धि में विकृति आ जाती है, उसके प्रभाव से लोग अनाचार और उल्टे काम करने लगता है। उसका परिवार सुखी नही रहता, चोरी दामन देना चाहिये, यदि दान करता है तो वह दान उसी के खाते में पहुंचेगा - व लूट का धन जिसका -चोरी करके लाया गया है, चोरी का धन दान करते हुए भी दाता नर्क गामी होगा। अतरू कठिन परिश्रम व मेहनत को धन दान



करने से प्राणी शिवलोक को जाता है।पं. सन्तोष तिवारी ने पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए कहा यदि आपसे धोखे से भी एक पेड़ कट गया है तो दस पेड़ लगाने का संकल्प लो, पेड हमें शुद्ध हवा देते है। भीषण गर्मी से बचाते है, जहां अधिक पेड़ हैं वहां का वातावरण शुद्ध रहता है, अतः सभी पितृपक्ष में अपने पूर्वजों के लिए प्रति वर्ष पेड़ लगाये।
पं श्री शास्त्री ने कहा सफाई अभियान में सरकार के भरोसे मत रहो कि कर्मचारी आयेगा सफाई करने, अपने घर के बाहर व भीतर स्वयं सफाई करो, जो घर साफ रखता है, उस घर में लक्ष्मी आती है, कचडा कूड़ा देखकर लक्ष्मी दूर चली जाती है। शिवमहापुराण में भगवान शिव व माता पार्वती की भव्य झांकी बनाकर विवाह कराया गया, ष्दूल्हा बना, दूल्हा बना पहाड़ बाला बाबा दूल्हा बना विवाहगीतों से मे पूरा पाण्डाल गूंज उठा, कथा में उपस्थित भक्तों ने भावविभोर होकर नृत्य किया। कथा के यजमान पं. वीरेन्द्र दुबे द्वारा कन्यादान, पांव पूजने की रश्म की गयी सभी भक्तों ने भगवान के पांव पखारकर शिव पार्वती का आशीर्वाद लिया। कुलवार को ष्पुरखो का मोक्षष् कथा सुनाकर शिवमहापुराण कथा को विश्राम दिया जायेगा।, कथा आयोजक पं. वीरेन्द्र दुबे ने बताया शुक्रवार को कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी, इसके बाद, प्रसाद वितरण व भण्डारा का कार्यक्रम रहेगा।

## चौकी प्रभारी कि दरियादिली

# जरुरत मंद महिला को रक्तदान किया

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिला अस्पताल दमोह में रक्त की अत्यंत कमी होने के कारण जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम और रक्तदान समिति के जागरूक सदस्य राम मिश्रा को चली तो उनसे बलेह थाना प्रभारी अवधेश कुमार दुबे नें संपर्क कर तत्काल ही रक्तदान करने कि बात कही और अपनी क्राइम की मीटिंग छोड़कर एस डीओपी ऑफिसर से अनुमति लेकर दो



दिन से परेशान हो रही बबीता अहिरवार पति महेश अहिरवार को बलेह थाना से तत्काल जिला अस्पताल दमोह पहुंचकर किया रक्तदान अवधेश दुबे ने बी नेगेटिव रक्तदान किया। समिति के सदस्यों नें ईश्वर से प्रार्थना करते कहाँ कि आप निरंतर स्वस्थ रहें इस पुण्य कार्य में सहयोगी रहे। इस अवसर पर पं योगी पांडेय, पं लक्ष्मीकांत पौराणिक विनय विश्वकर्मा, लैब टेक्नीशियन जितेंद्र रैकवार, पं. राम मिश्रा कि उपस्थिति रही।

# हंसडीहा थाना क्षेत्र के वृन्दावन में कुएं में तैरता मिला युवती का शव ।

**दुमका/झारखंड।** दुमका जिले हंसडीहा थाना क्षेत्र के वृन्दावन (नोनीहाट) में एक युवती का शव कुएं में तैरता हुआ मिला हयुवती की पहचान फुल कुमारी (19) लगभग पिता रामचंद्र शाह के रूप में हुई है घटना के विषय में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की देर रात पिता और पुत्री में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी इसी को लेकर रात के अंधेरे में पुत्री फुल कुमारी घर छोड़कर भाग गई फुल कुमारी के भाई पंकज कुमार एवं मनीष कुमार तथा पिता रामचंद्र शाह के द्वारा काफी खोजबीन करने पर भी वह नहीं मिली। सुबह गांव के नए द्वारा फूल कुमारी का शव कुएं में तैरता देखा7ज्ञात हो कि कुआं घर से 500 मीटर की दूरी पर है। घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा हंसडीहा थाना को दी गई,जानकारी मिलते ही हंसडीहा थाना से एएसआई सचिन कुमार मिश्रा एवं वृंदा उरांव दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे,और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है।पुलिस घटना को लेकर सभी जांच में जुट गई है।

# शिवपुरी पुलिस की नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही, पुलिस थाना मायापुर द्वारा गुम हुई नाबालिक बालिका को किया दस्तयाव ।

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना मायापुर द्वारा बिना बताये गुम हुयी नाबालिक बालिका को दस्तयाव किया है ।दिनांक 5.5.23 को फरियादिया निवासी ग्राम पडोरा ने अपनी नाबालिग लडकी उम्र 16 की बिना बताये घर चले जाने के संबंध में रिपोर्ट की थी उक्त रिपोर्ट पर से अपराध क्र 84/23 धारा 363 कायम कर विवेचना मे लिया गया दौराने विवेचना श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश सिंह भदौरिया जी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण कुमार भूरिया जी के मार्गदर्शन में एवं एस डी ओ पी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा जी के निर्देशन में आज दिनांक 10.5.23 को अपहृता कु. रोशनी जाटव उम्र 16 साल को मात्र 5 दिन में दस्तयाब किया गया है ।उक्त दस्तयाबी मे थाना प्रभारी मायापुर टी.आई पूनम सविता एवं उनकी टीम प्र।आर 145 दीपक,आरक्षक सुरेन्द्र सिंह ,योगेन्द्र,बृजेश,विक्रात शर्मा की सराहनी भूमिका रही है ।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने किया संथाल परगना का दौरा

**दुमका/झारखंड।**राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती दिव्या गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत प्रदत्त सुविधाओं की निरीक्षण हेतु दुमका स्थित संप्रेक्षण गृह का भ्रमण किया। श्रीमती गुप्ता के द्वारा गृह में संधारित विभिन्न पंजियों का निरीक्षण , सुरक्षा व्यवस्था, किशोरों के स्वास्थ्य जांच, कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर, भंडार पंजी, आवंटन एवं व्यय, समय तालिका, मेनू के अलावे आवासन कक्ष, भंडार गृह, रसोई, वाश रूम, खेल सामग्री, पुस्तकालय, आदि का निरीक्षण किया गया।किशोरों के द्वारा मनमोहक संथाली नृत्य प्रस्तुत कर माननीय सदस्य महोदय का स्वागत किया गया। किशोरों में छुपी प्रतिभा को देख कर सदस्य महोदय अचंभित रह गई। किशोरों के बांसुरी वादन , ब्रेक डांस, संगीत व चित्रकारी से प्रभावित हो कर उन्होंने किशोरों को उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय फलक पर लाने हेतु हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। किशोरों के एक चित्रकारी , जिसमे मां के दोनो हाथों में एक नवजात शिशु को थामे चित्र से प्रभावित हो कर माननीय सदस्य ने इसे राष्ट्रीय बाल आधिकार संरक्षण आयोग के लोगो ले रूप में अनुशंसित करने की बात कही। उन्होंने किशोरों को अपना संपर्क नंबर भी साझा किया।जिला प्रशासन की ओर से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर ,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीता बेसरा एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर माननीय सदस्य महोदय का स्वागत किया गया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेंद्र प्रसाद नारायण, एलपीओ अनिल मोहन ठाकुर, संप्रेक्षण गृह के अब्दुल गफ्फार, दिव्यांशु शेखर,अरविंद कुमार, सुमित कुमार, मोहिनी एवं सुबोध सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# बुढ़ाना: अपराधियों के खिलाफ चलाए अभियान

पुलिस ने विभिन्न आरोपों में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि कस्बे के महावीर चौक से पुलिस ने सचिन नामक एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चरस बरामद की। दूसरी घटना में पुलिस ने बसी गांव के तिराहे के पास से अनुज को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भी पुलिस ने चरस बरामद की। पुलिस ने बताया कि सचिन व अनुज अलीपुर अटेरना गांव के रहने वाले है। दोनों युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करते हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया। थाना फुगाना पुलिस ने गांव डूंगर निवासी प्रिंस को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि प्रिंस चोरी की एक घटना में फरार चल रहा था। उसके कब्जे से चुराए गए तीन स्मार्ट फोन व एक हजार रूपये की नकदी बरामद हुई। पूछताछ के बाद पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया।

# जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज डॉ इंदू सिंह जी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की भर्त्सना, डॉ कंचन जैन की छवि को धूमिल करने की कोशिश

रविंद्र कुमार शर्मा पूर्व जिला संगठन आयुक्त एवं कुछ स्काउट और गाइड, डॉ नरेंद्र चौधरी एडवोकेट, आलोक मित्तल एडवोकेट, मानवेंद्र सिंह एडवोकेट, शकुंतला देवी अध्यक्ष मां सरस्वती शिक्षा समिति, सार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी अंजूलता जी, श्री राजेंद्र कुमार ने डॉ कंचन जैन सीनियर एचडब्ल्यूबी रीयूनियन कोर्स ,ट्रेनिंग काउंसलर भारत स्काउट और गाइड नगर क्षेत्र अलीगढ़,पद अवैतनिक के साथ जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज डॉ इंदू सिंह अलीगढ़ द्वारा जो दुर्व्यवहार किया गया है ।

# शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही, पुलिस थाना खनियाधाना ने ब्लाईंड मर्डर का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

कुलदीप पुत्र रामप्रकाश लोधी एवं दीपक आदिवासी निवासीगण विशनपुरा थाना बामौरकला के मोटरसाईकल से भात देने ग्राम खैरबास थाना पिछोर गये थे, खैरवास से लोटते समय खनियाधाना पिछोर रोड पर बुधना नदी के पास कुलदीप पुत्र रामप्रकाश लोधी उम्र 22 साल निवासी विशनपुरा की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या करने एवं साथी दीपक आदिवासी पुत्र फेरन आदिवासी निवासी विशनपुरा को गोली लगने से घायल होने की रिपोर्ट पर से थाना खनियाधाना मे अपराध धारा 302,307,34 का कायम कर जांच मे लिया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा आरोपी को अति शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु आदेशित किया गया था । उक्त आदेश के पालन



मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में निरी. धनेन्द्र भदोरिया थाना प्रभारी थाना खनियाधाना एवं उनि पुनीत बाजपेयी द्वारा टीम गठित कर घटना दिनांक से ही अज्ञात आरोपीगणों की पतारसी की जा रही थी । आज दिनांक 11.05.2023 को संदेही दीपक आदिवासी पुत्र फेरन आदिवासी से घटना के संबंध मे सख्ती पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मेरी अनुपस्थिति मे मृतक कुलदीप लोधी मेरे घर आता जाता रहता था, मेरे घर पर मेरी बहन व पत्नि अकेली रहती थी, मृतक कुलदीप लोधी से घर आने का मना किया लेकिन बह नहीं माना इसी बजह से दिनांक 05.05.2023 को खैरबास से लौटते समय बुधना नदी के पास खनियाधाना पिछोर रोड पर सुनसान जगह देखकर मौका पाकर गोली मारकर कुलदीप लोधी की हत्या कर दी । अपराध से बचने के लिये आरोपी साथी दीपक आदिवासी द्वारा स्वयं के बायें कंधे मे भी गोली मार ली थी । आरोपी द्वारा घटना स्थल पर जाकर स्वयं के द्वारा छिपाकर रखी गई पिस्टल को तथा दो चले हुए कारतूसों को जप्त बरामद कराया उक्त कार्यवाही मे निरी. धनेन्द्र भदौरिया , उनि पुनीत बाजपेयी , उनि रणवीर सिहं चौहान , उनि अशोकबाबू शर्मा , उनि रंगलाल मेरे ,सउनि अरुण वर्मा , सउनि प्रकाश कौरव ,सउनि सुकल मरावी , आर.857 धर्मेन्द्र , आर. 930 मंजीत ,आर. 781 हेमसिंह, आर. 574 अंकित , आर. 363 जयवीर आर. 1046 बलराम ,स आर.1081 अरुण ,आर. 858 सत्यवीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2 के तहत जिले के अनुसूचित जाति के एक साथ 38 कृषकों को 20 वर्षों बाद मिला जमीन पर अपना हक



**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**शिवपुरी,** तहसील रन्नोद के ग्राम सिंघारई के कृषक भूरा जाटव को 1.47 हेक्टयर कृषि भूमि का पट्टा वर्ष 2002 में प्रदान किया गया था। इस कृषक का सीमांकन कई वर्षो तक नक्शे में बटांकन अमल न होने से लंबित रहा। वर्ष 2022 में कृषक ने बटांकन हेतु आवेदन दिया। तहसीलदार रन्नोद द्वारा प्राप्त आवेदन का त्वरित निराकरण कर दिया गया, लेकिन तकनीकी त्रुटि के कारण ऑनलाइन अमल तहसील स्तर पर संभव नहीं था। प्रकरण के निराकरण में देरी होने के कारण उसने सी.एम.हेल्पलाइन 181 में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। कलेक्टर शिवपुरी ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान-2 के तहत इसके तत्काल निराकरण हेतु अधीक्षक भू-अभिलेख को आदेशित किया। अधीक्षक भू अभिलेख ने वेब जीआईएस सेल टीम को निराकरण हेतु कार्य पर लगा दिया गया। कार्य दिए जाने के सिर्फ 12 घंटे के अन्दर ही टीम द्वारा तकनीकी समस्या का निराकरण कर, ग्राम सिंघारई के सर्वे क्र 144 के नक्शे में समस्त 38 कृषकों के 38 बटांकन नक्शे में ऑनलाइन अमल कर सर्वे नंबर 144/34 की नक्शा प्रति आवेदक को 10 मई को उपलब्ध करा दी।



# आवागमन करने वाले राहगीरों को अब मिलेगा शीतल जल समाजसेवी ने लगवाया वाटर कूलर





**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

उद्योग क्षेत्र मालनपुर नगर परिषद क्षेत्र में महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर नेशनल हाईवे 719 ग्वालियर भिंड रोड स्थित पर आज दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू शिवाजी पब्लिक स्कूल एंड बंटू ढाबा संचालक ने जन्मोत्सव के उपलक्ष में जनता को ठंडा पानी पीने के लिए वाटर कूलर जनता को समर्पित किया है इसका विधिवत उदघाटन महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री रामदास महाराज श्री धाम दंदरौआ एवं महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री राम भूषण दास महाराज श्री रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम खनेता जी के कर कमलों द्वारा किया गया इस अवसर पर खनेता धाम महाराज जी ने शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक को जन्म उत्सव की बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया और कहा ऐसे पुण्य कार्य करने से कई पीढ़ियों तक लाभ जरूर मिलता है वाटर कूलर बंटू परिहार जी ने लगाया है बहुत धार्मिक कार्य किया है जल ही जीवन है जल ही प्राण है हम दिनेश सिंह परिहार को साधुवाद धन्यवाद देते हैं कि इसी तरह धर्म के कार्य करते रहें जहां पर धर्म होता है वहां पर हमेशा लक्ष्मी विराजमान रहती है परमात्मा ऐसे धर्म कार्य करने वालों की हमेशा रक्षा करते हैं विश्वास मार्ग पर को गति देता है ज्ञात रहे संचालक बंटू सिंह परिहार अपने जन्म दिवस पर पिछले 5 वर्षों से लगातार वाटर कूलर लगा रहे हैं जनता के लिए ठंडा पानी पीने की व्यवस्था करते आ रहे हैं परिहार इस तरह धर्म कार्य करने में पीछे नहीं हटते चाय गाय सेवा स्कूल बच्चों के लिए हमेशा सेवा भाव से करते रहते हैं करोना काल में परिहार ने बंटू ढाबा पर लॉकडायन में लगातार खाना-पीना से आने जाने वाले लोगों की फ्री सेवा की जब इस संबंध में शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन का कोई पता नहीं है जितना बन जाए सब प्रभू देता है मेरा कुछ नहीं सब प्रभु कर दिया है उन्हीं के आशीर्वाद से सब कुछ हो रहा है मेरा कुछ नहीं है इस शुव अवसर पर उपस्थित रहे के पी अर्जरिया अशोक तोमर राहुल परिहार सचिन परिहार डॉ जयकुमार मजूमदार अर्जुन सर आदि 2 दर्जन से ज्यादा भक्तगण मौजूद रहे

# जीवन में कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं : उमेश सिंह भदौरिया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर ।** जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष उमेश सिंह भदौरिया गुड्डू जम्होरा एवं उनके छोटे भाई दुर्गेश सिंह भदोरिया ने ग्राम पंचायत जम्होरा में दारा वाल्मीकि की बेटियों का कन्यादान किया एब पीले हाथ कर शादी समारोह का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से किया वही गुड्डू जम्होरा ने कहा जिंदगी में एक बार कन्यादान करना बहुत जरूरी है मैं अपने आप को बड़ा भाग्यशाली मानता हूं,आज अपने गांव में धारा वाल्मीकि बेटियों का कन्यादान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और कहा आपका भाई आपका बेटा आपके सुख में ना आए लेकिन दुख में आपके साथ खड़ा रहेगा इस मौके पर दुर्गेश भदोरिया,भानू भदोरिया,नीलेश बंटू भदोरिया, जीतू भदोरिया, विकास भदोरिया, संदीप भदोरिया ,कृष्णा पुरोहित आदि लोग मौजूद रहे

# न्यायालय ने चेक बाउंस के आरोपी को किया बरी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर- न्यायालय ने चेक बाउंस के आरोपी को बरी कर दिया है, एडवोकेट दीपक सिंह परमार ने बताया कि सुमन सचान ने कृष्ण कुमार तायल पर आरोप लगाया था कि उसने निजि आवश्यकता के लिये 35 हजार रुपये उधार लिये थे, लेकिन वापस नही किए। आरोपी द्वारा जो 35000 रूपये का जो चेक दिया यह भी वाउंस हो गया था सम्पूर्ण ट्रायल के उपरांत कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि परिवादी के परिवाद से यह प्रमाणित नहीं होता है कि चैक अनादरित होने की सूचना देने के पश्चात् भी विहित समयावधि में परिवादी को उक्त चैक की राशि का भुगतान नहीं किया गया। अतः उपरोक्त संपूर्ण विवेचना के आधार पर स्पष्ट है कि परिवादी अपना मामला अभियुक्त के विरूद्ध युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल रहा है कि अभियुक्त ने परिवादी द्वारा चैक अनादरित होने की सूचना देने के बाद भी विहित समयावधि में परिवादी को उक्त चैक की राशि भुगतान नहीं की जिसके चलते कृष्ण कुमार तायल को न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया।

# मंगल कलश यात्रा के साथ सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

## श्री धाम बालीपुर के संत योगेश जी महाराज का मिला सानिध्य





**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**कुक्षी ।**नगर मे क्षत्रिय सिर्वी समाज द्वारा श्री आईजी रोड़ स्थित नवनिर्मित ÷माधव श्री प्रसादम÷ मांगलिक भवन के शुभारंभ को लेकर सप्तदिवसीय कार्यक्रम के तहत 11 मई गुरुवार को सुबह श्री आई माताजी गादी पाट का पूजन किया गया जिसके लाभार्थी महेश रामाजी सिद्ध परिवार रहा। मंदिर परिसर से मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे 400 से अधिक महिलाये विशेष ड्रेस कोड मे सिर पर कलश लेकर चल रही थी।कलश यात्रा श्री आई माताजी मंदिर से शुरु होकर बड़ी हताई, श्री राम चौक,छोटी हताई,सोनी मोहल्ला,रेटकुआ,मंगलवारिया,मेन बाजार,श्री आईजी रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल माधवश्री प्रसादम मांगलिक भवन पहुंची। मंगल कलश यात्रा में अम्बिका आश्रम बालीपुर धाम के संत योगेश जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ महिलाएं विशेष ड्रेस कोड के साथ बड़ी संख्या श्री आई माताजी के भजनो पर नृत्य करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा मे विशेष ड्रेस कोड मे युवाओ के साथ पुरुष वर्ग भी शामिल थे। यज्ञाचार्य कैलाशचन्द्र शर्मा एवं उप यज्ञाचार्य घनश्याम चाष्टा के सानिध्य में मुख्य यजमान कांतिलाल किशोर गेहलोत दम्पति के हाथो पूजन प्रारंभ कराया गया। सप्तदिवसीय सहस्त्रचंडी महायज्ञ परिसर को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है। यज्ञ समिति प्रमुख डॉक्टर धन्नालाल बरफा ने बताया कि सहस्त्रचंडी महायज्ञ हेतु नौ कुंड का निर्माण किया गया वहीं समाज के सभी परिवारों द्वारा यज्ञ मे आहुतिया दी जाएगी।तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। राजस्थान से आए शिल्पकारो के साथ समिति के सदस्यो के सहयोग से आकर्षक यज्ञशाला का निर्माण किया गया हे। कलश यात्रा के पूरे मार्ग मे शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। सिद्धिविनायक ग्रुप के युवाओं द्वारा ठंडाई का वितरण किया गया वही देवी कृपा ग्रुप, क्षत्रिय ग्रुप, शिव संगठन ग्रुप का सराहनीय योगदान रहा। मंगल कलश यात्रा मे अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा,इन्दौर के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश काग, भाजपा के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल,सिर्वी समाज सकल पंच अध्यक्ष कान्तिलाल गेहलोत, उपाध्यक्ष बाबुलाल गेहलोत, कोषाध्यक्ष रमेश काग, कोटवाल कैलाश काग, वरिष्ठ पंच गोमाजी सेप्टा,बाबूलाल मुलेवा,मंगाजी बरफा,केंद्रीय समिति सदस्य कैलाश काग, प्रांतीय शिक्षा सचिव नरेन्द्र सिर्वी,जिला महासचिव प्रकाश भायल,पूर्व तहसील अध्यक्ष विक्रम चोयल, तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र शिन्दे, हरिदास स्मारक ट्रस्ट उपाध्यक्ष राजेश राठौर सहित वरिष्ठ समाजजन शामिल थे। रात्रिकालीन रंगारंग कार्यक्रम होंगे ।कलश यात्रा एवं रात्रि कालीन कार्यक्रम समिति प्रमुख ने बताया कि 11 मई को श्री आई माताजी का जमा जागरण अंबिका तंदूरा भजन मंडल द्वारा किया जाएगा वही 12 मई रात्रि को सामाजिक गरबा एवं डांडिया रास होगा एवं 13 मई को संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा इसी के साथ 14 मई को सामाजिक गरबो का आयोजन होगा व 15 मई को सिर्वी समाज बिलाड़ा धाम राजस्थान से गैर नृत्य टीम द्वारा आकर्षक गैर नृत्य का आयोजन किया जाएगा 16 मई को धर्मगुरु दीवान साहब द्वारा धर्म सभा को संबोधित कर अतिथि सम्मान का कार्यक्रम होगा। सप्तदिवसीय कार्यक्रम मे आईजी सेवा समिति, श्री रामायण मंडल,श्री अंबिका तंदुरा भजन मंडल, श्री गणगौर ज्वारा मण्डल,श्री देवी कृपा ग्रुप,जीजी सा ग्रुप -1, जीजीसा ग्रुप- 2, श्री गुरुकृपा ग्रुप, श्री क्षत्रिय ग्रुप, श्री खेड़ापति ग्रुप,श्री सिद्धिविनायक ग्रुप, श्री जय ग्रुप,श्री ऋद्धि सिद्धि ग्रुप, श्री माजीसा ग्रुप, श्री शिव संगठन, श्री जय गणेश ग्रुप, श्री उत्तरमुखी हनुमान जी ग्रुप, श्री माँ आईजी ग्रुप, श्री मुक्तेश्वर महादेव मुक्तिधाम सेवा समिति, श्री आईजी समस्त महिला मंडल का विशेष सहयोग प्राप्त होगा।

# क्षतिग्रस्त पुलिया ने ली महिला की जान,नप की बड़ी लापरवाही





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**दबोह-** गुरुवार की सुबह सुबह नगर दबोह में बड़ा हादसा हो गया जिसमें गम्भीर रूप से घायल एक महिला ने अपना दम तोड़ दिया।सूत्रों की माने तो बाइक सवार महिला पड़री से लहार की ओर जा रही थी तभी कोंच रोड पर बनी क्षतिग्रस्त पुलिया से टकरा गई जिसकी वजह से बाइक सवार तीनो यात्री नाले में जा गिरे।जिससे तीनो लोगो को चोट आई।वहीं नाले में गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल महिला उर्मिला देवी दौहरे उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी मढयापुरा के ऊपर नाले पर जमी सीमेंट का टुकड़ा उसके सिर पर जा गिरा जिससे महिला के सिर में गम्भीर चोट आई।महिला को दबोह पुलिस द्वारा उपचार के लिए लहार भेजा गया जिस दौरान घायल महिला ने अपना दम तोड़ दिया।घटना के दौरान पूरे मामले पर पूर्व पार्षद दीवान सिंह कौरव ने नप पर बड़ी लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने इस क्षतिग्रस्त पुलिया की शिकायत कई बार फोन के माध्यम से सीएमओ से की परन्तु अब तक कोई सुनवाई नही हुई।उन्होंने कहा कि पहले भी इस पुलिया पर कई हादसे हो चुके हैं जिसकी जिम्मेदार नगर परिषद दबोह है।उन्होंने कहा कि नगर परिषद नगर विकास नही बल्कि स्वयं विकास को लेकर कार्य कर रही है।

# हर्ष फायर करने वाले आरोपी को गोरमी पुलिस ने किया सलाखो के पीछे



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ( गोरमी )।** फरियादी ने थाना गोरमी पर रिपोर्ट किया कि दिनांक 08/05/23 को फरियादी के घर ग्राम कुटरोली थाना गोरमी मे लगुन फलदान का कार्यक्रम था जिसमे लगुन फलदान के कार्यक्रम के दौरान गांव वाले व नाते रिश्तेदार आये हुये थे जिनमे से एक व्यक्ति निवासी सुखलाल का पुरा कचनाव खुर्द थाना गोरमी ने अपनी लायसेसी बन्दूक 12 वोर इकनाली से हर्ष फायर किया शादी समारोह मे खाना बनाने आये हलवाईयो को 12 बोर के छर्रे लगे जबकि भिण्ड कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा शादी समारोह मे हर्ष फायर करने पर प्रतिबधिंत लगाया गया है। जिसकी रिपोर्ट पर से थाना गोरमी पर पराध क्र. 130/23 धारा 308,188 ताहि. का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।बाद उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जिस पर से पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे व मेहंगाव एसडीओपी आर. के. एस. राठौर के मार्गदर्शन में थाना की विशेष टीम गठित कर ग्राम कचनाव खुर्द में हर्ष फायर करने वाले आरोपी की धरपकड़ हेतु रवाना की गई।ग्राम कचनाव खुर्द में हर्ष फायर करने वाले आरोपी व्यक्ति की घेराबंदी की जिसको पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर घटना में प्रयुक्त असलहा चाहा तो आरोपी से एक 12 बोर की इकनाली लायसेंसी बन्दूक को बरामद किया गया । आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय मेहगाव के समक्ष पेश किया जाकर जेल भेजा गया एवं शस्त्र लायसेंस निरस्त हेतु कार्यवाही की जावेगी ।

# कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है :चंद्रशेखर झा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा चलाए जा रहे बूथ संकल्प अभियान के तहत चंबल संभाग के विस्तारक पूर्व संगठन मंत्री चंद्रशेखर झा ने विधानसभा क्षेत्र लहार के मिहोना एवं मछंड मंडल की वृद्ध बैठक अलग- अलग स्थानों बूथ सशक्तिकरण मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए अपने बूथ को मजबूत करें।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता रीड की हड्डी होता है जोकि हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जब हमारा बूथ मजबूत होगा तो हमें कोई भी चुनाव नहीं हरा सकता स्थानीय समिति पन्ना प्रमुख एवं बूथ अध्यक्ष अपनी अहम जिम्मेदारी को, बूथ केंद्रों को सशक्तिकरण के साथ मजबूती प्रदान करें और जापान के तूफान को सुनामी में बदलकर अगली बार संगठन की ताकत को मजबूती देते हुए लहर से भारतीय जनता पार्टी का विधायक बना कर अपनी ताकत को मजबूती प्रदान करें।उन्होंने कहा कि बूथ विजय संकल्प अभियान ही है, लहार में भाजपा का विजय अभियान साबित होगा। उन्होंने संगठनात्मक कार्यकर्ताओं से चर्चा की और कहा कि हम सब एक होकर कांग्रेस को लहर से मुक्त करें। उन्होंने संगठन को मजबूती कार्यकर्ताओं को कई टिप्स भी दिए।



बैठक का संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता साहित्यकार हरी बाबू शर्मा निराला ने किया।बैठक में विधानसभा संयोजक नवल किशोर मिश्रा,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष बौहरे मंडल अध्यक्षों में दीपक सिंह राजावत विकास बौहरे राकेश महाते,कप्तान सिंह कौरव, उमाशंकर तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत् भुगतान हेतु पात्र महिला का आधार लिंक,डीबीटी इनेबल्ड व्यक्तिगत बैंक खाते में अनिवार्य

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । लाड़ली बहना योजना के तहत् भुगतान हेतु पात्र महिलाओं को व्यक्तिगत बैंक खाते में आधार लिंक व डीबीटी इनेबल्ड होना योजना के तहत् अनिवार्य है। महिलाएं व्यक्तिगत बैंक खाते में आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड कराने हेतु जिस बैंक का खाता है, संबंधित बैंक में जाकर अपना खाता आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड करा सकती हैं। आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड कराने हेतु बैंक में आवश्यक दस्तावेज ( आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाईल) की फोटो कॉपी अवश्य लेकर जाएं। ऐसी महिलाएं जिनके बैंक खाते नहीं हैं, वे सभी इंण्डिया पोस्ट पेमेण्ट बैंक के माध्यम से 5 मिनिट में आधार लिंकेज, डीबीटी इनेबल्ड, व्यक्तिगत बैंक खाते खुलवा सकती हैं। इंण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाते खोलने हेतु महिला को स्वयं उपस्थित रहकर अपना आधार कार्ड व मोबाइल लेकर आना अनिवार्य है, अन्य किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।

# निमित्त मिलने पर महिला साधारण से असाधारण बन सकती है

## जीतो महिलाओं का कंप्यूटर लिटरेसी का समापन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू.**समाज में आज भी महिलाओं के प्रति मात्र एक ग्रहणी होने की धारणा बनी हुई है जबकि हर एक क्षैत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा रही महिला को अगर निमित्त मिले तो वह साधारण से असाधारण बनने का दम-खम रखती है, यह बात जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने महिलाओं के लिये आयोजित ÷कंप्यूटर लिटरेसी एक्सप्रेस ऑनलाइन÷ के समापन पर कही। जीतो की राष्ट्रीय योजना सेंटर फॉर एक्सिलेंस के अन्तर्गत कौशल विकास हेतु महिलाओं के लिये आईटी गुरुजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला में कई उत्साही महिलाये कंप्यूटर में पारंगत हुई।आईटी गुरुजी के समकित पारेख द्वारा दिए जा गए प्रशिक्षण में



प्रशिक्षुकों ने एक्सेल, पॉवर पॉइंट एवं डिजिटल मार्केटिंग के गुर सीखे। कंप्यूटर एप्लीकेशन सीखने के दौरान सबसे ज्यादा ध्यान माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पर दिलाया गया।कर्मचारियों को जॉब पर रखने वाली हर एक कंपनी यह मान कर ही चलती है कि सबको माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल का इस्तेमाल करना आता है। समकित ने सीखाया कि एक्सेल एक ऐसा एप्लीकेशन है जिसका उपयोग हर सेक्टर, हर इंडस्ट्री, और लगभग हर कंपनी में होता है।एमएस एक्सेल डेटा एनालिसिस करने का सबसे अच्छा और आसान एप्लीकेशन माना जाता है। उन्होंने बताया कि पर्सनल कंप्यूटर आने के बाद आज एमएस पॉवर पॉइंट एक शक्तिशाली, और उपयोग में आसान प्रेजेंटेशन ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है।उन्होंने डिजिटल स्किल के माध्यम से ई मेल ,सोशल मीडिया ,पीपीसी एक्सपर्ट, इंस्टाग्राम-फेसबुक आदि की उपयोगिता सिखायी। अपना अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षु संगीता आँचलिया ने बताया कि यह कार्यशाला उनके लिए बहुत फ़ायदेमंद रही, सरलता के साथ आसान तरीक़े सीखे।सुर्यकला सियाल के अनुसार ज्ञान सीखने की कोई उम्र नहीं होती बस सीखने का जज्बा होना चाहिए। संगीता गांधी ने कार्यशाला आयोजन के लिये जीतो के प्रयासों की अनुमोदना की।समापन सत्र की शुरुआत नवकार मंत्र से हुई।संयोजिका भाविका कोठारी एवं सह-संयोजिका तनुजा मेहता ने आयोजन की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।महामंत्री सुमन वेदमुथा ने आभार जताया।

# सटीक मौसमी भविष्यवाणी हेतु तंत्र बने



मौजूदा गर्मी ऋतु में मौसम अजीब-सा बना हुआ है। कुछ समय तीव्र गर्मी रहने और कुछेक दिन लू जैसे हालात रहने के बाद देश के उत्तर पश्चिमी इलाके में, मई के महीने की शुरुआत अप्रत्याशित ठंडक से हुई है। इस क्षेत्र में मध्य से भारी बारिश होने की वजह से कुछ जगहों पर तो दिन का पारा आमतौर पर मई महीने में रात्रि के न्यूनतम तापमान से भी कम रहा है। उत्तराखंड और कश्मीर घाटी की कुछ ऊंची पहाड़ियों पर बर्फ भी गिरी है। भारतीय मौसम विभाग ने अपनी मासिक मौसम भविष्यवाणी में, इस महीने और बारिश होने का कयास लगाया है, जिसके चलते लगभग पूरे माह प्रचंड गर्मी से निजात रहेगी। इसके बरक्स, देश के उत्तर-पूरबी और पूरबी अंचलों में तापमान काफी ऊंचा देखा जा रहा है और यह स्थिति आगे भी बनी रहेगी। अल नीनो और हिंद महासागर डाइपोल जैसे सूचकांकों के अलावा बनी मौजूदा स्थिति ने फिक्र पैदा कर दी कि कहीं मानसून वक्त से पहले तो नहीं आ गया और शायद जून से सितम्बर के बीच यही कुछ चले।

अंचलों के मौसम में बहुत विभिन्नता रखने वाले देश के तौर पर भारत में लोगों की जिंदगी और रोजी-रोटी के लिए मौसम की सही भविष्यवाणी बहुत अधिक महत्व रखती है। सटीक अनुमानों से उन्हें अपनी गतिविधियों की योजना बनाने में सहायता मिलती है। संभावित अतिशयी मौसम को लेकर समय रहते मिली चेतावनियों और एहतियाती उपायों से लोगों की जानें बच सकती हैं। हाल में महाराष्ट्र में गृहमंत्री अमित शाह की रैली में गर्मी की ताब से 14 लोगों की मौत होने की घटना, मौसम के विपरीत असर की भयावता की याद दिलाती है।

इस बारे में, कोई कह सकता है कि भारतीय मौसम विभाग ने रैली पूर्व, इस क्षेत्र में इतनी गर्मी होने की चेतावनी क्यों नहीं दी। लेकिन प्रचंड गर्मी का असर न केवल उच्च तापमान से बनता है बल्कि यह कई मिश्रित कारकों का परिणाम होता है, मसलन, तात्कालिक नमी, हवा की गति और लोगों की बर्दाश्त शक्ति इत्यादि। भले ही रैली वाले दिन का उच्चतम तापमान लू की श्रेणी में रखे जाने से कम रहा हो, लेकिन यदि उस जगह विशेष का सकल गर्मी सूचकांक काफी ऊपर था, तो इससे रैली मे आए कुछ लोगों की गर्मी से मौत हुई या तबीयत बिगड़ी। दर्ज तापमान और मानव शरीर पर वास्तव में कितना असर है, इन दोनों में अंतर है। किसी जगह के गर्मी या ठंडक सूचकांक में यह कारक वास्तविक रूप में परिलक्षित होता है। मौसमविदों की भाषा में इसको 'वास्तविक अहसास' कहा जाता है। हो सकता है कि तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड दिखा रहा हो लेकिन यदि अहसास 40 डिग्री सेंटीग्रेड जितना हुआ, तो इसके पीछे उस जगह के अनेकानेक कारक जैसे कि हवा में मौजूद नमी, सूर्यकिरणों की तीव्रता, हवा की गति इत्यादि अवयव होते हैं।

इसीलिए कई मौसम एजेंसियां अपनी रोजाना भविष्यवाणी में संभावित उच्चतम एवं न्यूनतम तापमान के अलावा 'वास्तविक अहसास' भी दर्शाती हैं। इस हफ्ते से भारतीय मौसम विभाग ने भी प्रयोग के तौर पर गर्मी सूचकांक आधारित 'वास्तविक अहसास' बताने की शुरुआत की है। यह जानकारी अभी पूरी तरह लय में नहीं आई है क्योंकि लोगों के ज़हन में गर्मी सूचकांक का महत्व समझ बनने में सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों के अलावा मनोवैज्ञानिक पहलू जैसे कि शरीर का मौसम के अनुसार ढलना भी शामिल होता है। प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया यह 'वास्तविक अहसास' रूपी गर्मी सूचकांक, मौसम संबंधी डाटा पर आधारित है, उम्मीद है कि आगे चलकर विभाग सर्दियों में भी ठंडक के 'वास्तविक अहसास' को बुलेटिन में शामिल करेगा।

उस वक्त से, जब अखबारों में मौसम विभाग की भविष्यवाणी को लेकर मजाहिया कार्टून छपा करते थे और वर्तमान में सोशल मीडिया पर जिस तरह मजाक उड़ रहा है, इस अंतराल में विभाग ने काफी लंबा सफर तय किया है। कई दशकों तक, ऑल इंडिया रेडियो और अन्य खबर एजेंसियों द्वारा दैनिक मौसम बुलेटिन प्रसारित किए जाते रहे। भारतीय मौसम विभाग ने अपने ढर्रे में बदलाव लाते हुए, सूचना में विशेष अनुमान जैसे हवाई अड्डे और राजमार्गों पर धुंध से बनी दृष्टि-बाधा की तीव्रता कितनी होगी और चार-धाम यात्रा के दौरान मौसम कैसा रहेगा इत्यादि अवयव शामिल किए हैं। इसके अलावा, मौसम विभाग ने अगले तीन या पांच दिनों का अनुमान वर्ग के अलावा अब 'तत्काल मौसम' श्रेणी के तहत देश के सभी जिलों में अगले तीन घंटों का अनुमान देने की शुरुआत की है। राष्ट्रव्यापी राडार नेटवर्क डाटा और उपग्रहीय तस्वीरों एवं स्थानीय निगरानी तंत्र पर आधारित यह सुविधा भारी बारिश, तूफान जैसी स्थिति बनने पर स्थानीय लोगों के लिए चेतावनी पहुंचाने के लिए बहुत उपयोगी है। यह चेतावनियां रंग-आधारित-प्रतीकों को संलग्न करके, संकेतकों के रूप में प्रेषित की जाती है। यदि मौसम को लेकर सूचनाएं प्रेषित न हों तो यह आमजन और सरकारी एजेंसियों के किस काम की। आज के हाइपर-कनेक्टिविटी वाले युग में लोग मौसम को लेकर तत्काल नवीनतम जानकारी चाहते हैं और यह जानने के लिए उन्हें अगली सुबह की अखबार या टीवी चैनलों पर रात्रि 9 बजे की बुलेटिन का इंतजार करना गवारा नहीं। इन दिनों मौसम संबंधी सूचनाएं प्रेषित करने के लिए विश्वभर के मौसम विभागों का मनपसंद माध्यम सोशल मीडिया बना हुआ है। भारतीय मौसम विभाग भी अब सोशल मीडिया मंचों पर अपनी भविष्यवाणी निरंतर प्रेषित कर रहा है। इस सूचना का चित्रण उपग्रहीय तस्वीरों की एनिमेशन और मुख्य शहरों के उच्चतम एवं न्यूनतम तापमान प्रतीक-संकेतकों के रूप में दर्शाया होता है। भारतीय मौसम विभाग ने स्मार्ट फोन उपयोग करने वालों के लिए विशेष एप्लीकेशन भी जारी कर रखी है। जिनके पास अभी स्मार्ट फोन या इंटरनेट सुविधा नहीं है, उनको जानकारी टेक्स्ट मैसेज द्वारा पहुंचाई जाती है।

तथापि, प्रेषित की गई मौसम सूचना और वास्तविक समय की स्थिति के बीच काफी अंतर रह जाता है। अंतिम छोर के बाशिंदे के लिएङ्क चाहे कोई शहरी हो या किसानङ्क उसके लिए सूचना उपयुक्त हो, इस हेतु मौसम की नवीनतम जानकारी व्यवहार्य होना जरूरी है। इस दिशा मे जोड़ी गई 'वास्तविक अहसास' श्रेणी और रंगीन प्रतीकों से सज्जित चेतावनी का चित्रण एक अच्छा कदम है। निस्संदेह सूचना ऐसी हो कि स्थानीय स्तर पर उपयोगी हो, क्योंकि जरूरी नहीं एक ही जिले या शहर में, दूरियों को वजह से मौसम एक-सा हो। लोगों के लिए, बताई गई मौसम भविष्यवाणी का क्या असल असर क्या रहेगा, यह जानना ज्यादा जरूरी है। यदि पूर्वानुमान में भारी बारिश बताई जा रही है, तो क्या यह इतनी भारी होगी जिससे स्थानीय बाढ़ जैसी स्थिति बन जाएगी? इसके लिए, भारतीय मौसम विभाग को प्रासंगिक एजेंसियों से समन्वय बिठाना होगा और अपनी खुद की निगरानी क्षमता भी विकसित करनी होगी।

## संपादकीय

# चीन की बेचैनी

यह चीन की परेशानी का ही नतीजा है कि भारतीय नौसेना के आसियान देशों के साथ दक्षिण चीन सागर में हुए युद्धाभ्यास की वह बड़े पैमाने पर निगरानी करता रहा। उल्लेखनीय है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिये गत सात व आठ मई को दक्षिण चीन सागर में भारत ने आसियान देशों की नौसेनाओं के साथ युद्ध अभ्यास किया। जिसमें भारतीय नौसेना के अलावा आसियान देश फिलीपींस, इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई और वियतनाम की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। बताया जाता है कि चीन न केवल फाइटर जेट व खुफिया वॉरशिप से जासूसी कर रहा था बल्कि चीनी समुद्री मिलिशिया जहाज भी युद्धाभ्यास की जगह से करीब पचास किलोमीटर की दूरी पर देखे गये। दुनिया को भरमाने के लिये यूं तो चीन ने मिलिशिया जहाजों को व्यापारिक जहाजों के रूप में पंजीकृत कर रखा है,लेकिन असल में ये पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नेवी विंग के इशारे पर समुद्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उल्लेखनीय है कि जिस तरह चीन दक्षिण एशिया में छोटे देशों के साथ मिलकर भारत की घेराबंदी करता रहा है, उसी की तर्ज पर भारत भी आसियान देशों के साथ मिलकर रणनीतिक साझेदारी को मूर्त रूप दे रहा है। जिससे परेशान होकर चीन युद्धाभ्यास की निगरानी कर रहा था। हालांकि, चीनी युद्धपोत अभ्यास स्थल के ज्यादा करीब नहीं आये, जिसके चलते किसी टकराव की आशंका टल गई। खबरों के मुताबिक, चीनी युद्धक जहाज व एयरक्राफ्ट दक्षिण चीन सागर में मौजूद थे। दरअसल, हाल के दिनों में हिंद प्रशांत व चीन सागर में चीन की आक्रामक गतिविधियां तेज हुई हैं। इतना ही नहीं, तमाम आसियान देशों से समुद्री सीमा को लेकर उसका विवाद चल रहा है। यहां तक कि फिलीपींस चीन के खिलाफ समुद्री सीमा विवाद के मामले में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय गया और अपनी संप्रभुता को लेकर मुकदमा जीता भी। इसके अलावा वियतनाम आदि कई पड़ोसी देशों से चीन का सीमा विवाद बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि वियतनाम के विशिष्ट आर्थिक जोन में इस ड्रिल को अंजाम दिया गया।

हालांकि, चीन के किसी हस्तक्षेप को टालने के लिये चीनी जहाजों पर सतर्कतापूर्वक नजर रखी जा रही थी। इससे पूर्व भारत के गाइडेड मिसाइल विध्वंसक से लैस आईएनएस दिल्ली और स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा ने भी अभ्यास में भागीदारी सिंगापुर के नौसेनिक अड्डे पर की थी। बहरहाल, भारत ने कूटनीतिक बढ़त लेने के इरादे से उन देशों से करीबी संबंध बनाये हैं, जिनके चीन के साथ रिश्ते खराब चल रहे हैं। इतना ही नहीं, कई देशों के साथ युद्ध से जुड़े अभ्यास कार्यक्रम भी चलाये गये हैं। जिसका मकसद युद्धक विमानों तथा पनडुब्बियों का कुशल संचालन करना है। यहां तक कि भारत कई आसियान देशों को हथियार भी बेचने लगा है। पिछले दिनों फिलीपींस के साथ भारत ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों से जुड़े सिस्टम का सौदा किया था। फिलीपींस के साथ यह सौदा 375 मिलियन डॉलर का बताया जाता है। ऐसा ही सौदा वियतनाम व इंडोनेशिया के साथ भी होने की उम्मीद है। भारत ने चीन के साथ सीमा विवाद के चलते सुरक्षात्मक रणनीति के तहत आसियान देशों के साथ करीबी रिश्ते स्थापित किये हैं। दरअसल, आसियान देशों के साथ इस समुद्री युद्धाभ्यास का मकसद उन टकरावों को टालना था, जिनके अचानक समुद्र में घटने की आशंका रहती है।

इसके जरिये आपसी भरोसे को बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं की आशंकाओं को कम करना भी था। ऐसा चीन द्वारा लगातार विवादों को हवा देने के चलते अपरिहार्य हो गया था। भारत की सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिशों में लगे चीन को अहसास कराना भी जरूरी था कि हम भी उसके खिलाफ दूसरे मोर्चे तैयार कर सकते हैं। आसियान इंडिया मेरीटाइम एक्सरसाइज इसी कड़ी का हिस्सा थी जो बिना किसी बाधा के पूर्ण भी हो गयी। यद्यपि चीन पूरे दक्षिणी चीन सागर पर अपना दावा जताता रहा है लेकिन वहीं दूसरी ओर आसियान देश भी इसके अलग-अलग हिस्सों पर अपनी दावेदारी जताते रहे हैं। जिसके बूते ही भारत इन देशों के साथ सामरिक हितों को बढ़ावा दे रहा है। भारत की अंतिम कोशिश है कि चीन के खिलाफ आसियान देशों को मजबूत किया जाये।

# केजरीवाल जेल गए तब भी उनका वोट सुरक्षित!

हरिशंकर व्यासभाजपा यदि आम आदमी पार्टी को तोड़ डाले, उसकी मान्यता खत्म कर दे तो अलग बात है वरना दिल्ली और देश में केजरीवाल के जो वोट बने थे वे जस के तस हैं! बहुत हैरानी हुई मुझे राजस्थान के मध्य वर्ग परिवार और दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ बस्तियों से काम के लिए कॉलोनी में आने वाली महिलाओं की चर्चा सुन कर। मैं मान रहा था कि अरविंद केजरीवाल के घर की शानो-शौकत, 45 करोड़ रुपए के खर्च की बदनामी से उनके भक्तों में मोहभंग हुआ होगा। लेकिन उलटी बात सुनने को मिली। भक्तों की एक ही बात, एक ही तर्क है। और वह यह कि केजरीवाल ने नरेंद्र मोदी और अडाणी के खिलाफ बोला इसलिए उसे ऐसे बदनाम कर रहे हैं।हां, नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल के ग्राफ का फर्क गजब है। केजरीवाल के साथ दिल्ली में उनकी सरकार का काम (खासकर स्कूल, बिजली, पानी) लोगों में जस का तस चर्चित है वही नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की मैसेजिंग में फेल हैं। उस नाते दिल्ली के विधानसभा चुनाव 2020 में केजरीवाल को जो 54 प्रतिशत वोट मिले थे उनमें मध्य उच्च वर्ग के परंपरागत मोदी विरोधी घरों में भले मोहभंग हो और वे कांग्रेस की तरफ मुड़ें लेकिन झुग्गी-झोपड़ी, गरीब वर्ग में टीवी चैनलों के केजरीवाल एक्सपोजर का कोई अर्थ नहीं है। सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया या अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से आप के दिल्ली वोटों पर फर्क नहीं पडने् वाला है। मोदी-शाह को या तो दिल्ली



विधानसभा खत्म करनी होगी या आम आदमी पार्टी की मान्यता को उद्धव ठाकरे की शिव सेना की तरह रद्द कराना होगा तभी दिल्ली में भाजपा का मतलब बनेगा।सवाल है मोदी-शाह को तो सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटें चाहिए। अपना मानना है उसमें भाजपा को दिक्कत नहीं होगी। पहली बात, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ मिलकर एलायंस में चुनाव लड़ें, इसके फिलहाल आसार नहीं हैं। दूसरी बात, 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आप को 18 प्रतिशत तथा कांग्रेस को मिले 22 प्रतिशत वोट का कुल जोड़ भी भाजपा के 57 प्रतिशत वोटों से बहुत पीछे था। इसलिए नरेंद्र मोदी के करिश्मे में पहले तो भारी गिरावट हो, फिर कांग्रेस-आप मिल कर साझा चुनाव लड़ें तब जरूर लोकसभा सीटों पर कांटे की टक्कर बनेगी। भाजपा का केजरीवाल पार्टी को खत्म करने का मिशन केजरीवाल की सियासी बला की वैयक्तिक लड़ाई में है। मोदी बनाम केजरीवाल की निजी लड़ाई है। इसलिए लोकसभा की सात सीटें जीतने के बाद मोदी सरकार दिल्ली विधानसभा चुनाव तक आप को लडने् लायक नहीं रहने देगी। सोचें, यदि डेढ़ साल केजरीवाल, सिसोदिया जेल में रहे, दिल्ली-पंजाब की उनकी सरकारों को लाचार बना दिया या भंग और खत्म कर दिया तो उस स्थिति में भक्त वोटों के होते हुए भी क्या आप चुनाव लडने् लायक होगी?इसलिए आजाद भारत की 75 वर्षों की राजनीति में नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल की लड़ाई न केवल बेमिसाल है, बल्कि तमाम तरह की नीचताओं को लिए हुए है और इससे अपने आप वक्त दो शख्सियतों के उत्थान-पतन की गाथा बनवाएगा।

# ब्रिटेन के नए सम्राट की ताजपोशी

श्रुति व्यासब्रिटेन को एक नया सम्राट मिला और हमें देखने को मिला अतीत से उधार लिया गया एक भव्य समारोह। परंतु ब्रितानी खुश थे। उन्होंने जश्न मनाया, सोमरस का भरपूर पान किया और यूनियन जैक फहराती सुनहरी बग्घियों के पाल माल से गुजरते समय अपने नए राजा की जय जयकार भी की। ब्रिटिश मीडिया इतना रोमांचित था कि उसे समझ नहीं आ रहा था कि वो क्या छोड़े और क्या दिखाए। उसने इस रंगारंग ऐतिहासिक समारोह के शानदार मंजर के जम कर कसीदे पढ़े। इस बीच ट्रैफलगर स्क्वायर पर ‘नॉट माय किंग’ के नारे लगाते ब्रिटेन के सबसे बड़े राजशाही-विरोधी समूह रिपब्लिक' के समर्थकों को गलत आचरण' के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। आखिर हर प्रजातंत्र में कुछ न कुछ खोट तो होता ही है!ब्रिटेन के साथ-साथ पूरी दुनिया ने इस समारोह को मंत्रमुग्ध होकर देखा। कुछ इसकी भव्यता पर फिदा थे तो कुछ को इस बात पर आश्चर्य हो रहा था कि 74 साल का एक बुजुर्ग, रिटायर होने और अपना कामकाज अगली पीढ़ी को सौंपने की बजाय खुद राजा बन रहा है। सभी के लिए यह राज्याभिषेक परीकथाओं की तरह सुंदर नहीं था। कईयों के अपने ऐतराज थे।हां, लंदन एकदम सजाधजा था। आकाश धूसर था और हवा में सीलन थी परंतु जब सुनहरी और जरुरत से ज्यादा सजी बग्घियां ऐबी की ओर बढ़ रही थीं तब सैनिकों के मार्च और ट्रम्पेट के स्वर ने वातावरण में उत्साह भरने का पूरा प्रयास किया। काली छतरियों की छांव में इन बग्घियों से उतरे पुराना जमाने की सफेद, रोमदार पोशाकें, जिनमें कहीं-कहीं लाल और नीला रंग भी छिटका हुआ था, पहने हुए एक वृद्ध दंपत्ति। वेस्टमिन्स्टर ऐबी में ब्रिटेन की तुलना में कहीं कम प्रसिद्ध अन्य शाही परिवार, राष्ट्र प्रमुख, पूर्व प्रधानमंत्री, विभिन्न समुदायों और हॉलीवुड के प्रतिनिधि और हां प्रिंस हैरी भी, मौजूद थे। समारोह कुछ ज्यादा ही भड़कीला और चमकीला था। आपका दिमाग कहता था यह सब शाही है, इसका सम्मान करो परंतु आंखों को केवल नुमाइशबाजी दिख रही थी। सप्रानो गायकों और गोस्पेल क्वायर के स्वर, ठंडी हवा में घुल रहे थे। सब कुछ परिकथा की तरह दिखने और महसूस करने के लिए बनाया गया था। परंतु दरअसल वह एक बेतुका-सा मध्यकालीन तमाशा लग रहा था।वेस्टमिन्स्टर में हुए समारोह को शाही वेबसाइट ने एक पवित्र धार्मिक अनुष्ठान' बताया।

# बड़े नाम के बजाय जनता के मुद्दों को मिली तरजीह

शिमला नगर निगम चुनावों में भाजपा नेतृत्व ने अपने कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों का हवाला देकर जनता से वोट मांगे वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को भुनाने का प्रयास भी किया। भाजपा के महापौर तथा अन्य पार्षदों द्वारा भी यही तरीका अपनाया गया। पार्टी के पोस्टरों में प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के चित्र खूब बड़े-बड़े छापे और प्रदेश के नेताओं को पीछे रखा लेकिन पार्टी प्रत्याशी इसका लाभ नहीं उठा पाये। बता दें कि नड्डा स्वयं हिमाचल से ही हैं। वहीं इस तरह के चुनाव प्रचार को लेकर कांग्रेस के नेता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भाजपा पर बार-बार कटाक्ष करते रहे कि प्रधानमंत्री को नगर निगम स्तर का नेता बना दिया है। उनका यह भी दावा रहा कि मोदी का करिश्मा प्रदेश में निरंतर फेल हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने पूर्ववर्ती जयराम सरकार के 2017 से 2022 तक के कार्यकाल के कथित निराशाजनक कामकाज तथा निगम पार्षदों द्वारा जनाकांक्षाओं के अनुरूप काम न करने को मुख्य मुद्दा बनाया और मतदाताओं से डबल इंजन सरकार को नकारने की अपील की।

विश्लेषकों का मत है कि शिमला नगर निगम चुनावों में कांग्रेस की जीत की ठंडी बयार कर्नाटक की ओर रुख कर सकती है ताकि वहां की उमसभरी गर्मी के बीच संघर्ष कर रहे कांग्रेस के उन नेताओं व कार्यकर्ताओं को ठंडक का अहसास हो जो भगवा पार्टी के आसानी से स्वतंत्र बहुमत प्राप्त कर दक्षिण के निर्बाध सफर के प्रयास को रोकने में लगे हैं। नवंबर, 2022 के हिमाचल विधानसभा



चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तीन दर्जन से अधिक राष्ट्रीय नेताओं ने 'डबल इंजन सरकार' और 'विकास के मुद्दे' के नारों के साथ इस पहाड़ी राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए अभियान चलाया। हाल के विधानसभा चुनावों में जीत के बाद पहले ही बजट में अपनी दो प्रमुख गारंटी लागू करने से उत्साहित कांग्रेस ने नगर निगम के लिए 14 वार्डों का घोषणा पत्र जारी किया जिसमें पार्किंग समस्या का समाधान, निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति और इंडोर स्टेडियम स्थापित करने जैसी घोषणाएं थीं जिन्हें लोगों ने स्वीकार किया।

दूसरी ओर, भाजपा ने एक निगम एक टैक्स, कचरा एकत्र करने के कर में 50 प्रतिशत छूट, 20000 लीटर मुफ्त पेयजल, ढांचागत सुधार और आवारा जानवरों व बन्दरों की समस्या से निजात दिलाने का वायदा किया लेकिन मतदाताओं ने इनको नकार दिया। आश्चर्यजनक व रोचक कि आम आदमी पार्टी ने चुनावी जमीन तलाशने के लिए 21 प्रत्याशी मैदान में उतारे लेकिन सभी हार गए। कुल 55385 मतों में आम आदमी पार्टी को मात्र 373 मत ही मिले। इन चुनावों में भाजपा के निगम की सत्ता से बाहर होने से जाहिर है कि व्यवस्थित प्रचार तंत्र, साधनों की पूरी ताकत और कर्मठ स्वयंसेवकों के सहयोग के बावजूद वह मतदाताओं को अपने पक्ष में नहीं कर पायी। राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि हिमाचल में भाजपा के पक्ष को उसी समय प्रदेश की जनता ने नकार दिया था जब मंडी संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। शिमला नगर निगम में भी डबल इंज़न था क्योंकि प्रदेश सरकार के साथ भाजपा पांच वर्षों से निगम पर क़ाबिज़ थी। लगता है लोगों में सरकार और निगम के कामकाज को लेकर काफी नाराजगी थी। शहर में उचित 'पार' व्यवस्था का अभाव, सफाई के खराब हालात, लचर पेयजल और बिजली आपूर्ति व्यवस्था से मतदाता निराश था। इसके विपरीत कम समय में ही सुक्खू सरकार यह धारणा पैदा करने में सफल रही कि जो वायदे किये हैं वे पूरा होंगे। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की मांग लागू कर दी और महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने की कवायद भी शुरू कर दी।

पूर्व की भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान जहां पुरानी पेंशन बहाली की मांग को नकार दिया था वहीं सेब उत्पादकों के साथ भी सौतेला व्यवहार किया। किसानों ने शिमला में धरना-प्रदर्शन भी किया था लेकिन सरकार टस से मस नहीं हुई। ऐसे में प्रदेश के सशक्त कर्मचारी संगठन और सेब उत्पादक किसानों ने भाजपा का विरोध किया। शिमला में लगभग सभी 34 वार्डों में बड़ी संख्या में सेब उत्पादक परिवार रहते हैं। इन दो वर्गों का विरोध ही भाजपा को ले डूबा। साथ ही मतदाता चाहते थे कि पांच माह पूर्व सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को अपनी कारगुजारी साबित करने का कुछ और समय दिया जाए। इस जीत से कांग्रेस नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का उत्साहित होना स्वाभाविक है। ऐसे में अब कांग्रेस पार्टी भी नये आत्मविश्वास के साथ लोकसभा चुनाव-2024 में प्रदेश की चारों सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगी।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान 30 जून तक चलेगा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान के तहत् जिले के समस्त बैंक खाताधारकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने हेतु जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में बैंकों के माध्यम से 1 मई 2023 से 30 जून 2023 तक शिविरआयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् सभी बैंक खाताधारक जिनकी उम्र 18 से 70 वर्ष है। वार्षिक 20 रुपये प्रीमियम में दुर्घटना मृत्यु पर 2 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाता है। दुर्घटना में आंशिक दिव्यांगता होने पर 1 लाख रूपये का सुरक्षा बीमा शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम में दो लाख का सुरक्षा बीमा किया जाता है। यह उन सभी बैंक खाताधारकों के लिए है जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रताप सिंह ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान के तहत् 1 मई 2023 से 30 जून 2023 तक जिले के सभी बैंकों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर लोगों का बीमा किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का बीमा अभी तक नहीं हुआ है। वे सभी आमजन आगामी 30 जून 2023 तक नजदीकी संबंधित बैंक शाखा में जाकर एवं आयोजित कैम्पों में जाकर फार्म भरें और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् बीमा पॉलिसी लेकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने आमजन से प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान को सफल बनाने एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आग्रह किया।

# चार साल के लक्ष्मीकांत बचपन से मोतियाबिंद बीमारी से है ग्रसित मासूम बच्चा के पिता कर रहा है अपील कोई तो मेरे बेटे के आंखो का कर करवा दो इलाज

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद विकासखंड के ग्राम मैनपुर के चार वर्षीय मासूम लक्ष्मीकांत नागेश पिता कामता नागेश जो जन्म से ही आंख की बीमारी मोतीबिन से ग्रसित है जिसका दोनों आंखों का ऑपरेशन पांच माह की उम्र में ही रायपुर के एक निजी अस्पताल में करवाया गया परंतु बच्चा अभी भी पूर्णता देख नही पा रहा है इनके दोनों आंखों का पुतली हमेशा गोल-गोल घूमता रहता है और आंख में तकलीफ के कारण लक्ष्मीकांत तिरछा तिरछा चलता है बच्चे के भविष्य के बारे में सोच-सोच कर पिता कामता नागेश के आंख से आंसू निकल गया और बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ के बताये अनुसार यदि इनके दोनों आंखों में लेंस लगने से बच्चे का आंख ठीक हो सकता है और पूर्णता देखने में सक्षम हो जाएगा। लक्ष्मीकांत के



बारे में गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य मनोज पटेल व समाजसेवी भीम निषाद को जानकारी होते ही उनके घर मुलाकात करने पहुंचे और हकीकत जाना तो पता चला कि परिवार वालों की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के चलते बेटे के



इलाज नहीं करा पा रहे है, यदि शासन प्रशासन से मुझे मदद मिल जाए तो बेटे का आंखों की रौशनी आ जाएगी जिससे मेरा बेटा अपनी पढ़ाई लिखाई कर अपना भविष्य गढ़ सकेंगे। उनकी समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने साथ ही जिले के स्वास्थ्य अधिकारी के सी उराव जी से पीड़ित परिवारों के बच्चे की आंखों में रौशनी लाने मदद करने समाजसेवियों ने अपील किया।

# 2000 करोड़ के शराब घोटाले के विरोध में गोहरापदर में भाजपाइयों ने फूंका सीएम भूपेश और मंत्री लखमा का पुतला





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भाजपा मंडल गोहरापदर द्वारा शराब घोटाले को लेकर सीएम भूपेश बघेल एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा का पुतला फूंका गया।दरअसल प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बीते वक्त में राज्य के दिग्गज नेताओ के घरों छापेमारी की गई जिसमें शराब के दो हज़ार करोड़ के घोटाले की जानकरी सामने आई।इस दौरान उपस्थित पूर्व संसदीय गोवर्धन सिंह माँझी ने कहा कि शराब बंदी का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार तो बीते साढ़े 4 वर्षों से जनता से झलावा कर रही है लेकिन अब उनके काले चिट्ठे खुलने चालू हो गए हैं जाँच एजेंसी श्रष्ठ ने जब दो हज़ार करोड़ के घोटाले की पुष्टि की तो कांग्रेसियों ने उस पर भी सवाल करने शुरू कर दिए थे लेकिन आज के समय में प्रदेश सरकार ने कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं छोड़ा जहाँ पर भ्रष्टाचार ना हो रहा हों प्रदेश के हर हिस्से में आज भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा को पार कर चुका है और अभी तो सिर्फ़ 2 हज़ार करोड़ का घोटाला सामने आया है आने वाले समय में हमें इससे भी बड़े बड़े घोटालों की जानकारी मिलने वाली हैं।भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि 2000 करोड़ के शराब घोटाले के सामने आने के बाद जनता को यह पता चल चुका है कि कांग्रेसी और उनके समर्थक श्रष्ठ का विरोध क्यों करते थे.सभी जानते है कि जब प्रवर्तन निदेशालय एक स्वतंत्र जाँच एजेंसी है तो उस पर इस प्रकार का लांछन लगाना एक दुर्भाग्य जनक बात है आज श्रष्ठ ने जब भूपेश सरकार का पर्दाफ़ाश कर दिया है उनके सारे भ्रष्टाचार के मामले धीरे धीरे करके सामने आने चालू हो गए है जनता सब देख रही है और 2023 के विधानसभा चुनाव में इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पुतला बुझाने का प्रयास किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा,अजजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सनत मांझी,मंडल अध्यक्ष बेनुराम नागेश,महामंत्री दुबेराम ध्रुवा,युमो महामंत्री कीर्तनराम यादव,मंत्री गुनसागर यादव,लयसिंह पटेल,उमरिया नागेश,नलसाय बिसी,राजेन्द्र यादव,दीपक सागर,बलभद्र नेताम,पद्मन नागेश,ललित मांझी,तुलसी सेन,दीपक मिश्रा,लोचन राम यादव,धरम यादव,सुरेंद्र पुजारी,अनंतनारायण तिवारी,सुरेश यादव, रोहित नागेश,गुनुराम हंसराज,जागेश्वर यादव सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

# 30 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत् आवेदन पत्र संबंधित जनपद/नगरीय निकाय में प्रस्तुत कर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

कन्या को 49 हजार का चैक प्रदाय किया जाएगा

भिण्ड । उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने ऐसे सभी अभिभावकों से कहा है कि वे अपनी कन्याओं का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अन्तर्गत करना चाहते हैं वे आवेदन पत्र संबंधित जनपद/ नगरीय निकाय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 गरीब, निर्धन, बेसहारा कन्याओं का सामूहिक सम्मेलन के माध्यम से विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना में शादी करने पर 49 हजार रूपये का चैक उसी दिन प्रदाय किया जावेगा। इस हेतु सभी सामाजिक कार्यकर्ता/ जनप्रतिनिधि से अपेक्षा है कि अपने क्षेत्र की अधिक से अधिक कन्याओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित करें।

# विशाल हृदय के मालिक हैं श्री दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू संचालक शिवाजी पब्लिक स्कूल ग्वालियर एवं बंटू ढाबा

**मालनपुर।** औद्योगिक क्षेत्र नगर परिषद मालनपुर के अंतर्गत जहां बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि वाटर कूलर की सौगात नहीं दे पाए पानी की उत्तम व्यवस्था नहीं कर पाए, इसी समस्या को देखते हुए वही विशाल हृदय के मालिक श्री दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने मालनपुर वासियों को वाटर कूलर की सौगात दी। संतो ने वाटर कूलर का उद्घाटन किया, बताना उचित होगा कि श्री दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू द्वारा कार्यक्रम में संतो को मुख्य अतिथि बनाया गया, संतो ने फीता काटकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।कार्यक्रम में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामभूषण दास महाराज, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामदास महाराज जी उपस्थित होकर श्री दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू को आशीर्वाद दिया महाराज जी ने कहा कि श्री दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू विशाल हृदय के मालिक हैं इसमें कोई शक नहीं है

### सीएम की छवि खराब करने का आरोप लगाकर कांग्रेसियों ने मैनपुर, अमलीपदर में फूंका प्रधानमंत्री और ईडी का पुतला

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं को परेशान करने ईडी और जॉच एजेंसियो का दुरूपयोग कर रही है भाजपा :रामकृष्ण ध्रुव



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मैनपुर - छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए आज गुरूवार को शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर एवं ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय मैनपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं ईडी का पुतला दहन किया गया शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पूर्व केन्द्र के भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा लगातार कांग्रेसी नेताओं के ऊपर कार्यवाही किया जा रहा है और उन्हे प्रताड़ित किया जा रहा है तथा झुठे मामलो में फंसाया जा रहा है और छत्तीसगड़ के विकास कार्यो को अवरूद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा जबकि पूर्व 15 वर्ष भाजपा के कार्यकाल में हुए घोटालो और भ्रष्टाचार की जॉच किया जाये लेकिन यह जॉच एजेंसी सिर्फ कांग्रेसियो के खिलाफ ही कार्य करती है।

युवा कांग्रेस मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष शाहिद मेमन ने भाजपा ईडी के माध्यम से सीएम की छवि खराब करने का आरोप लगाया गया है, वही अनवर ढेबर को भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है इस बार ईडी ने रायपुर नगर निगम के मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है जिसमें अनवर ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की धमकी दी है, साथ ही अदालत को बताया कि किस प्रकार ईडी के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके परिजनों का नाम लेने दबाव बनाया जा रहा, जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पीएम मोदी और ईडी का पुतला दहन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दू यादव ने कहा कि केंद्र



सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को झूठे मामले में प्रताड़ित कर रही है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने साजिश रची जा रही है भाजपा सरकार राजनीतिक लाभ लेने के लिए विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई सहित सभी संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है लेकिन मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नहीं रोक सकती है देश की जनता और सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता मोदी सरकार के इस रवैये को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, कांग्रेस महामंत्री गेन्दू यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईम्तियाज मेमन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जाकिर रजा, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष सामंत शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, तनवीर राजपूत, त्रिभुवन पटेल, खेलन साहू, दयाराम यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे वही दूसरी ओर मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमलीपदर के साथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ईडी का पुतला दहन करके प्रदर्शन किया इस अवसर पर राजेश जगत सेवादल अध्यक्ष ,यशवंत मरकाम ब्लॉक आदिवासी अध्यक्ष, भोज नेताम आदिवासी ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष ,जीवन लाल यादव महासचिव ,राजेंद्र सोरी,तुला राम मरकाम ,उमाशंकर मरकाम चेतन , पूरन मरकाम, श्याम जगत, गिरल मांझी ,राजेश मरकाम ,जयंती सोरी उपसरपंच फरसरा मंजुला सोरी सुरेश मरकाम हेमराज यादव तरुण मरकाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद थे।

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में स्पर्श पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु 25 एवं 26 मई को टीम उपस्थित रहेगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से.नि. कर्नल संजय सिंह ठाकुर ने पूर्व सैनिकों/विधवाओं /आश्रितों पेंशन भोगियों को सूचित किया है,कि सैन्य पेंशन मुख्य प्रयागराज उत्तर प्रदेश से दो सदस्यीय टीम 25 एवं 26 मई को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में स्पर्श पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगी। उक्त 25 मई एवं 26 मई को अपनी समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## संत श्री सुखदेवजी महाराज रोहित समाज के समूह लग्न में उपस्थित रहकर नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया



**निल कुमार, पुष्पांजली टुडे**

**गुजरात ।** पाटन वाडा सत्ताइस परगना रोहित समाजके नौवे समूह लग्न में पुणे-महाराष्ट्र से अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत श्री सुखदेवजी महाराज उपस्थित रहे और प्रभुता में कदम रखने वाले सभी नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया। रवि धाम गुजरात के प्रमुख विनोद भाई सोलंकीभी खास उपस्थित रहे।

# गरीब बच्चियों की शादी में भिण्ड के समाज सेवियों ने बढ़ाए हांथ

### शादी का खर्चा उठाकर लिया कन्या दान



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आज के युग में जहां लोग अपनों की शादी में सहयोग करने से बचते हैं। वहीं भिण्ड में युवा समाजसेवी ने अलग अलग स्थानों पर गरीब दलित समाज की गरीब लड़की की शादी का पूरा खर्चा उठाया और उसका कन्यादान कर समाज में एक मिसाल पेश की है। स्थानीय निवासी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। अटेर मार्ग में स्थित ग्राम पंचायत जबासा के ग्राम मुरलीपुरा निवासी रामप्रकाश जाटव की पुत्री पूजा जाटव का विवाह 10 मई 2023 को संपन्न हुआ। उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। परिवार को शादी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था इसकी जानकारी गांव के ही निवासी समाजसेवी पूर्व सरपंच जेपी कांकर मिली तो उन्होंने स्वेच्छा से स्वयं शादी का खर्च वहन करते हुए बच्ची को एक लाख रुपए की नगद आर्थिक सहायता प्रदान की साथ ही दान में दिए जाने वाला सभी समान और विवाह का खर्च भी स्वयं ही उठाया। और पैर पूजकर कन्या दान लिया।

# पाटन के सेभरिया गोगा महाराज का अनोखा मंदिर-मंदिर में दान की गई नकदी को धर्मार्थ एवम् सामाजीक सेवा करने वाली संस्थाओं को दान करने की परंपरा

**निल कुमार, पुष्पांजली टुडे**



**गुजरात ।** पाटन शहर के राजमहल रोड स्थित पालिका बाजार शॉपिंग सेंटर में आस्था के प्रतीक श्री. गोगा महाराज का मंदिर है। गोगा महाराज की रमेल 10 मई 2023 को वैशाख वद पंचमी की रात्रि दस बजे हुआ। इस रमेल की शुभ शुरुआत अनूठी परंपरा के साथ हुई। वर्ष भर मंदिरमे दर्शन और धार्मिक उत्सवों के दौरान प्राप्त होने वाली कुल नकद राशि को विभिन्न भागों में विभाजित कर के पाटन शहर के छोटे-बड़े सेवा संगठनों और पशु-पक्षियों की सेवा करने वाले लोगों को दान के रूप में दिया जाता है। पिछले कई वर्षों से पाटन में फाल्गुनी बहन पाठक जीईबी सब स्टेशन चाणस्मा हाईवे क्षेत्र से लेकर आनंद सरोवर क्षेत्र तक, नियमित रूप से गर्मी - धुप या बारिश, ठंडि सभी ऋतुओमे आराम की चिंता किए बिना सभी कुत्तों का इलाज करवाती हैं और श्वनो को खुद का पकाया हुआ खाना खिलाते है और श्वानो को उनके शारीरिक कष्ट में दवा, सेवा भी करवाते है। श्री. गोगा महाराज के सेवक श्री. जयेशभाई ठक्कर ने कल धार्मिक रमेल, जगरातेमे फाल्गुनी बहन को आमंत्रित करके श्वानो की सेवा के लिए आर्थिक सहयोग देकर उनकी सेवाओं की सराहना की।

### गोगांवा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# अवैध हथियार विक्रेता के खिलाफ खरगोन पुलिस की कार्रवाई

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

आरोपी महेंद्र सिंह पिता प्रीतम सिंह उम्र 21 साल निवासी कनौना थाना चद्राव तहसील केराकत जिला जोनपुर का रहने वाला गिरफ्तार कुल 02 अवैध पिस्टल के नगों की कीमत 20000/- रुपये है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियार बेचने वाले पर लगातार नजर रखने के लिए इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं. इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह यादव के निर्देशन में अवैध हथियारों के विक्रय एवं परिवहन की सूचना



मिलने पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया था।

उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना गोगावा के अवैध हथियार पिस्टल विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही

**घटना का संचित विवरण-** दिनांक 10/05/23 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ से बनी पिस्टल बेचने के लिए ले जा रहा है. सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए स्छहृक्क श्री संजू चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गई। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची तो एक व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया और उसके कब्जे से 02 अवैध पिस्टल बरामद हुई. आरोपी महेंद्र सिंह पिता प्रीतम सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी कनौरा थाना चंद्रावक तहसील केराकत जिला जोनपुर उ.प्र. गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से अवैध हथियार को जप्त कर आर्म एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**जप्त मश्रुका** -2 नग अवैध पिस्तौल अनुमानित कीमत 20000/- रु.

# लगातार तीसरी जीत से शीर्ष चार में जगह बनाने उतरेगा केकेआर

**कोलकाता।** पिछले कुछ मैचों में अच्छे प्रदर्शन से प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर) की टीम गुरुवार को यहां संघर्षरत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। दो बार के चैंपियन केकेआर ने करो या मरो की स्थिति में पहुंचने के बाद शानदार प्रदर्शन किया तथा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम गेंद तक पहुंचे पिछले दोनों मैचों में जीत दर्ज करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इन दोनों मैचों में जीत से केकेआर का न सिर्फ मनोबल बढ़ा बल्कि वह अंक तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गया। अभी केकेआर और राजस्थान रॉयल्स सहित चार टीमों के समान 10 अंक हैं। अभी भले ही नेट रन रेट के आधार पर रॉयल्स की टीम आगे हो लेकिन यदि केकेआर इस मैच में जीत दर्ज करता है तो समीकरण भी बदल जाएंगे और नितीश राणा की अगुवाई वाली टीम शीर्ष चार टीम में जगह बना देगी। केकेआर की टीम जहां पिछले दोनों मैच में जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं वही पिछले सत्र का उपविजेता राजस्थान रॉयल्स लगातार तीन मैचों में हार से पस्त है। राजस्थान रॉयल्स की टीम अपनी गलत रणनीति के कारण 200 रन से अधिक के स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही और अब वह करो या मरो की स्थिति में पहुंच गई है। केकेआर की टीम गेंदबाजी में सबसे वरुण चक्रवर्ती पर निर्भर रहेगी जिन्होंने उसकी पिछली दोनों जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सनराइजर्स के खिलाफ जहां चक्रवर्ती ने अंतिम ओवर में नौ रन का सफलतापूर्वक बचाव किया वहीं पंजाब के खिलाफ उनकी गेंदबाजी ने अंतर पैदा किया। ऐसे समय में जबकि अनुभवी



गेंदबाज सुनील नारायण विकेट हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब चक्रवर्ती केकेआर के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। उन्होंने इस सत्र में अभी तक 17 विकेट हासिल किए हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी उनके चार ओवर महत्वपूर्ण होंगे। केकेआर की टीम प्रबंधन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल शार्दुल ठाकुर को पंजाब के खिलाफ मैच में गेंदबाजी नहीं करवाने का फैसला किया, लेकिन इससे उनका तेज गेंदबाजी विभाग काफी कमजोर नजर आया। इस मैच में वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा ने आखिरी दो ओवर में 36 रन लुटाए। यह देखना होगा कि केकेआर अगले मैच में शार्दुल का उपयोग करता है या नहीं। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसंग जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं और ऐसे में केकेआर के गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। केकेआर के लिए जहां तेज गेंदबाजी विभाग चिंता का विषय है वहीं रॉयल्स को भी इस महत्वपूर्ण मैच में सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ मैच में ओवेद मैकाय के बजाय कुलदीप यादव को 19वां ओवर सौंपने का फैसला गलत साबित हुआ क्योंकि इस युवा तेज गेंदबाज ने इस ओवर में 24 रन लुटा दिए थे। कोलकाता नाइट राइडर्स= नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, जेसन रॉय, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, मनदीप सिंह, आर्या देसाई और जॉनसन चार्ल्स। राजस्थान रॉयल्स= संजू सैमसन ( कप्तान), यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, शिमरोन हेटमेयर, जो रूट, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, ओबेड मैककॉय, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन , युजवेंद्र चहल, केसी करियप्पा, जेसन होल्डर, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौर, एडम ज़म्पा, केएम आसिफ, मुरुगन अश्विन, आकाश वशिष्ठ और अब्दुल पीए।

# अमेरिकी क्रिकेट के भविष्य के लिए माइनर लीग क्रिकेट चैंपियनशिप महत्वपूर्णः कोरी एंडरसन

**सैन फ्रांसिस्को।** दुनिया के सबसे अनुभवी टी20 खिलाड़ियों में से एक, कोरी एंडरसन 2023 सनोको माइनर लीग क्रिकेट चैंपियनशिप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी एंडरसन ने कहा कि टूर्नामेंट अमेरिकी क्रिकेट के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह गर्मी अमेरिकी क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा कदम होगा। मैं जुलाई में माइनर लीग क्रिकेट में खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। अमेरिकी क्रिकेट के भविष्य के लिए यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम अगस्त और सितंबर में सनोको माइनर लीग क्रिकेट चैम्पियनशिप के




साथ प्रतिभा विकसित करना जारी रखें। माइनर लीग क्रिकेट (एमआईएलसी) ने यह भी घोषणा की कि सनोको अमेरिकी क्रिकेट में सबसे व्यापक राष्ट्रव्यापी टी20 चैंपियनशिप के तीसरे सीजन का टाइटल प्रायोजक होगा।सनोको माइनर लीग क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन इस साल अगस्त और सितंबर में होना है, जिसमें लगभग 150 मैच खेले जाने हैं। घरेलू खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया मई में होगी, जिसमें 26 टीमों की विशेषता वाले टूर्नामेंट में 400 से अधिक यूएस-आधारित खिलाड़ी भाग लेंगे। नीलामी की तारीख और मैच का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा।

# आईपीएल-फाफ डु प्लेसिस ने आरसीबी के लिए पूरे किये 1000 रन

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए 1000 रन पूरे किए। वानखेड़े स्टेडियम में मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में फाफ 41 गेंदों में 65 रन (पांच चौके और तीन छक्के) की शानदार पारी खेल इस मुकाम तक पहुंचे। फाफ 2022 में एक कप्तान के रूप में आरसीबी में शामिल हुए, उन्होंने टीम के लिए 27 आईपीएल मैच खेले हैं और 41.76 की औसत और 142.62 की स्ट्राइक रेट से 1044 रन बनाए हैं। उन्होंने 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टीम के लिए नौ अर्धशतक बनाए हैं। आईपीएल के मौजूदा सत्र में, आरसीबी के कप्तान फाफ वर्तमान में 11 मैचों में 576 रन बनाकर %ऑरेंज कैप' धारक हैं। वह 57.60 की औसत और 157.81



की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उन्होंने अब तक छह अर्धशतक लगाए हैं। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अपना पहला मैच 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खेला था। सीएसके के लिए, उन्होंने 92 मैचों में 35.34 की औसत से 2721 रन बनाए। उन्होंने येलो आर्मी के लिए 20 अर्धशतक बनाए। फाफ अब बंद हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजायंट का भी हिस्सा थे, उन्होंने आठ मैच खेले और 30 से अधिक की औसत से दो अर्द्धशतक के साथ 214 रन बनाए। फाफ ने अपने आईपीएल करियर में 127 मैचों में 36.50 की औसत और 133.93 की स्ट्राइक रेट से 3,979 रन बनाए हैं। उन्होंने 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 31 अर्धशतक लगाए हैं।

# सीएसके के खिलाफ हम अपनी अच्छी बल्लेबाजी फॉर्म को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगेः अजीत आगरकर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार शाम चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो अपनी जीत का सिलसिला बनाए रखना चाहेगी। मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच अजीत आगरकर ने कहा, पिछले मैच में बल्लेबाजी के प्रदर्शन ने टीम को बहुत आत्मविश्वास दिया है। गेंदबाजी इकाई ने हमें हर बार बेहतर करके दिया है। हमारे बल्लेबाजों ने आरसीबी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि हम यहां से आगे बढ़ सकते हैं। आगरकर ने आगे कहा, सीएसके हमेशा एक कठिन प्रतिद्वंद्वी है। उन्होंने बहुत सारे खिताब जीते हैं



और वे घर में वास्तव में अच्छा खेलते हैं। वे इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरी टीम क्या करती है अगर हम अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमें निश्चित रूप से समूह में बहुत विश्वास है। इस बीच, दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा, पांच मैचों में चार जीतने के बाद खिलाड़ी खुद पर विश्वास कर रहे हैं। यह आश्चर्यजनक है कि हमने खराब शुरुआत के बाद वापसी की है। लेकिन हमें वर्तमान पर ध्यान देना होगा। हमारे पास चेन्नई में सीएसके के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच आने वाला है। आमरे ने यह भी कहा कि आरसीबी के खिलाफ एक व्यापक जीत हासिल करना महत्वपूर्ण था,उन्होंने कहा, हम क्रिकेट के उस ब्रांड को खेलना चाहते हैं जो हमने अपने आखिरी गेम में दिखाया था। आरसीबी के खिलाफ मैच ने हमारे लिए गति निर्धारित की और फिर अन्य सभी बल्लेबाजों ने लय को आगे बढ़ाया। हमारे लिए एक गेम जीतना महत्वपूर्ण था।

## केएल राहुल की सर्जरी सफल

**दिल्ली।** मई को केएल राहुल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। भारत के ओपनर केएल राहुल की दाहिनी जांघ की सफल सर्जरी हो चुकी है। इसकी जानकारी मंगलवार देर रात राहुल ने सोशल मीडिया पर दी। राहुल 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड में खेले वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के सदस्य थे। चोट की वजह से वह ङ्खञ्जष्ट फाइनल से बाहर हो गए। उनकी जगह पर ईशान किशन को टीम में शामिल किया गया। राहुल ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में लिखा- %मेरी अभी-अभी सर्जरी हुई है। जो सफल रही। मैं इसके लिए डॉक्टरों और अन्य सपोर्ट स्टाफ को धन्यवाद देता हूं। मैं धीरे-धीरे रिकवरी कर रहा हूं।

**रवि शास्त्री ने धोनी की तारीफ की**

# कहा- धोनी टीम संयोजन बनाने में माहिर; यह उनकी समझ

टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य्) के कप्तान एमएस धोनी की तारीफ करते हुए कहा, धोनी टीम संयोजन बनाने में माहिर हैं। यह उनकी समझ है। संभवत= एक ऐसे खिलाड़ी को लगातार मौके देते रहना जो 2022 में अच्छा नहीं खेला सका, लेकिन धोनी को यह विश्वास है कि वह 2023 में बहुत अच्छा खेलेगा, उस खिलाड़ी को एक सीजन पहले ही समर्थन मिलने से उसके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आगे कहा, धोनी हमेशा आगे के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कुछ खिलाड़ियों के साथ ऐसा किया होगा। इससे मुझे आश्चर्य नहीं होगा। मैं वहां टीम के साथ नहीं हूं और मुझे ज्यादा नहीं पता, लेकिन निश्चित रूप से वह उस तरह से सोचते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) 2023 में ष्टस्य् का शानदार प्रदर्शन जारी है। टीम पॉइंट्स टेबल में 13 अंकों के साथ फिलहाल दूसरे स्थान पर है। टीम ने 4 मुकाबले गंवाए हैं, जबकि लखनऊ के खिलाफ मैच बारिश से धुल गया था। आज दिल्ली के खिलाफ जीतने पर टीम प्लेऑफ में पहुंचने से एक ही जीत दूर रहेगी।

**सूर्या की पारी पर कोहली ने बजाईं तालियां**

# नेहल ने कार पर मारी बॉल, ईशान का 102 मीटर लंबा छक्का

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में मंगलवार को हुए मैच में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 6 विकेट की आसान जीत हासिल की। टीम ने 200 रन का टारगेट सूर्यकुमार यादव की 83 रनों की पारी से महज 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। उनकी पारी पर बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने तालियां बजाई और उन्हें शाबासी दी। मैच में ईशान किशन ने 102 मीटर लंबा सिक्स लगाया। बेंगलुरु के विराट कोहली और मुंबई के रोहित शर्मा अंपायर से नॉटआउट करार दिए जाने के बाद ष्ठक्रस् में आउट हुए। नेहल वाधेरा ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को मिलने वाली कार पर बॉल मारी और विष्णु विनोद ने जगलिंग कैच पकड़ा। मैच के पहले ही ओवर में ऋष्टक्र के स्टार



बैटर विराट कोहली आउट हो गए। ओवर की पांचवीं बॉल पर जेसन बेहरनॉफ ने शॉर्ट पिच फेंकी, विराट ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला। लेकिन बॉल पीछे चली गई। मुंबई ने कैच आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का इशारा किया। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने ष्ठक्रस् लिया, रिप्ले में नजर आया कि बॉल कोहली के बैट को छू कर विकेटकीपर के पास गई थी। अंपायर ने अपना फैसला बदला और कोहली को एक ही रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

# भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप मैच 15 अक्टूबर को हो सकता है

**दुबई।** 22 अक्टूबर 2021 को हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान हाथ मिलाते पाकिस्तानी पेसर शाहीन अफरीदी, विराट कोहली और रोहित शर्मा। भारत यह मैच हार गया था। वन डे वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान का मैच 15 अक्टूबर को हो सकता है। ढ्ढष्टष्ट ने वर्ल्ड कप का ऑफिशियल शेड्यूल अभी जारी नहीं किया है। इस वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत को मिली है। टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से 19



नवंबर के बीच खेला जाएगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिक बज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 अक्टूबर को हो सकता है। इसके वेन्यू पर दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच सहमति नहीं बनी है। ब्बष्टढ्ढ और ढ्ढष्टष्ट की इच्छा है कि यह मैच अहमदाबाद में हो, लेकिन क्कष्टक्च इसके लिए राजी नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है। इंग्लैंड पिछले वर्ल्ड कप की विनर थी और न्यूजीलैंड उप-विजेता थी। भारत अपना पहला मुकाबला चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल सकता है। अभी इसकी तारीख नहीं आई है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच 15 अक्टूबर यानी रविवार को हो सकता है। इस दिन पाकिस्तानी टीम के कप्तान बाबर आजम का जन्मदिन भी है।

**मुंबई ने 99 बॉल में चेज किया 200 का टारगेट**

# वानखेड़े में बेंगलुरु को लगातार चौथा मैच हराया, सूर्या ने जड़े 83 रन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 54वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 6 विकेट की आसान जीत हासिल की। टीम ने 200 रन का टारगेट महज 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। मुंबई ने ऋष्टक्र के खिलाफ अपना सबसे बड़ा रन चेज किया। बेंगलुरु ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव के 83 रन की बदौलत टारगेट हासिल कर लिया। यह मुंबई की वानखेड़े स्टेडियम में बेंगलुरु पर लगातार चौथी जीत है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम यहां बेंगलुरु के खिलाफ 2015 से नहीं हारी है।



# ऑल इंडिया विंडसर्फिंग, काइटबोर्डिंग चैंपियनशिप 11 से 14 मई तक चेन्नई के कोवलम में


**नई दिल्ली।** पहली ऑल इंडिया विंडसर्फिंग और काइटबोर्डिंग चैंपियनशिप 11 से 14 मई तक चेन्नई शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर ईस्ट कोस्ट के कोवलम में आयोजित की जाएगी।यह टूर्नामेंट युवा कल्याण और खेल विकास विभाग के सहयोग से तमिलनाडु सेलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में चेन्नई सेलिंग अकादमी (सीएसए) द्वारा आयोजित किया जाएगा।भारतीय सेना और भारतीय नौसेना के सेलिंग क्लबों सहित 14 क्लबों का प्रतिनिधित्व करने वाले 16 से अधिक राज्यों के 48 से अधिक शीर्ष विंडसर्फर और काइटबोर्डर्स 4 दिवसीय आयोजन में भाग लेंगे। यह यॉटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा अधिकृत एक %रैंकिंग इवेंट' है, जो भारत में नौकायन के खेल के लिए फेडरेशन है, जो भारतीय नौसेना द्वारा अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रशासित है, जो नौसेना स्टाफ के प्रमुख हैं।यह चैंपियनशिप ईसीआर के कोवलम में



सर्फ टर्फ बीच पर आयोजित की जाएगी और इसका उद्घाटन 11 मई को तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा किया जाएगा।सीएसए की एक विज्ञप्ति में आज कहा गया कि यह स्थल एक प्रमुख सर्फिंग केंद्र होने और अपने वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग महोत्सव के लिए प्रसिद्ध होने के कारण बहुत लोकप्रिय है। अरुण वासु, (चेन्नई में पानी के खेल में अग्रणी और सर्फ टर्फ के संस्थापक) और अरुण मिरांडा, (सीएसए के उपाध्यक्ष और आयोजन के अध्यक्ष) ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह इवेंट रैंकिंग इवेंट्स में से एक है, एथलीटों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जमकर प्रतिस्पर्धा करें क्योंकि उनका प्रदर्शन निर्धारित करता है कि क्या वे एशियाई खेलों 2023 और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, या नहीं।विंडसर्फिंग और काइटबोर्डिंग अपनी रंग-बिरंगी पालों और पतंगों के साथ देखने में आकर्षक खेल है और उन्हें तेज गति से पानी के ऊपर तैरते हुए देखने का रोमांच जनता और जल क्रीड़ा के प्रति उत्साही लोगों के लिए शानदार है।सीएसए 1,000 किलोमीटर से अधिक लंबे तमिलनाडु तट के साथ इस खेल को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने का इच्छुक है।

# फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर हुआ रिलीज, प्रभास बने भगवान श्रीराम

## पर्दे पर दिखी रामायण की झलक




फिल्म आदिपुरुष पिछले काफी समय से चर्चा में है। दर्शक लंबे समय से इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। फिल्म भले ही कई बार विवादों से घिरी रही हो, लेकिन दर्शक एक बार फिर रामायण को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। दुनियाभर के डिजिटल प्लेटफॉर्म और थिएटर में एक साथ आदिपुरुष का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 70 देशों में इसका ट्रेलर लॉन्च किया गया है। ट्रेलर में राम के वनवास जाने से लेकर हनुमान मिलन, लंका दहन और उस पर वानर सेना की चढ़ाई तक दिखाई गई है। फिल्म की पूरी स्टारकास्ट की झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। भगवान श्रीराम बने प्रभास को पराक्रमी योद्धा के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो रावण (सैफ अली खान) का घमंड तोडने के लिए लौट आए हैं। सीता माता सीता के किरदार में कृति सैनन भी जंच रही हैं। मुंबई में एक दिन पहले एआईबी सिनेमा पर प्रशंसकों के लिए इसकी स्क्रीनिंग रखी गई थी और रिलीज होने से पहले ही लोगों ने सोशल मीडिया पर इसे लीक कर दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। आदिपुरुष ट्रेलर के कई सारे रिकॉर्डेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जो लोगों को बड़े पसंद आए। हालांकि, सोशल मीडिया पर ट्रेलर लीक करने वालों के खिलाफ जब कार्रवाई हुई तो वो सभी वीडियो डिलीट कर दिए गए। आदिपुरुष को प्रतिष्ठित ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। रिलीज से कुछ दिनों पहले यानी 13 जून को आदिपुरुष का प्रीमियर ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में किया जाएगा। फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए कुछ ही समय में सारे टिकट बिक गए। प्रभास ने इसे लेकर खुशी जाहिर कर कहा था कि वह फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने को बेहद उत्साहित हैं। आदिपुरुष ओम राउत के निर्देशन में बनी है। उनका कहना है कि यह एक ऐसी फिल्म है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। भूषण कुमार ने इस फिल्म को बनाया किया है। पहले इस फिल्म का बजट 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा था, लेकिन वीएफएक्स में सुधार के लिए किए गए खर्च के बाद अब इसका कुल बजट 600 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसके जरिए पहली बार प्रभास और कृति ने साथ काम किया है।





# विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर उनकी फिल्म कुशी का पहला गाना जारी

अभिनेता विजय देवरकोंडा पिछले कुछ वक्त से फिल्म कुशी को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आएंगे। विजय के 34वां जन्मदिन के इस खास मौके पर निर्माताओं ने कुशी का पहला गाना ना रोजा नुव्वे जारी कर दिया है, जिसमें विजय अभिनेत्री सामंथा के साथ बेहद रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया है। निर्माताओं ने सामंथा-विजय की तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक प्यारी धुन। कुशी का पहला गाना रिलीज। जन्मदिन की शुभकामनाएं विजय देवरकोंडा। कुशी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म हिंदी सहित तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। कुशी 1 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुछ दिन पहले नए पोस्टर के साथ इसकी रिलीज तारीख का ऐलान हुआ था। फिलहाल सामंथा और देवरकोंडा फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में वे विजय देवरकोंडा के साथ रोमांस करती दिखाई देंगी। इससे पहले 7 मई को फिल्म के पहले रोमांटिक सिंगल का एक टीजर जारी किया गया था और यह किसी सपने से कम नहीं लग रहे थे।छोटी सी झलक में ऐसा लग रहा था कि विजय पहाड़ी की चोटी से चिल्लाकर कह रहा है कि वह कितना प्यार करता है।विजय ने इसकी झलक शेयर करते हुए लिखा था, खुशी पहला गाना। पूरा गाना 9 मई को रिलीज होगा। 23 मार्च को, विजय देवरकोंडा और सामंथा ने अपने संबंधित सोशल मीडिया पेजों पर खुशी नामक अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी की रिलीज की तारीख की घोषणा की थी।खुशी शिव निर्वाण द्वारा लिखित और निर्देशित एक रोमांटिक कॉमेडी है। मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है। कुछ हफ्ते पहले, सामंथा ने खुलासा किया कि वह जल्द ही फिल्म के सेट पर शामिल होंगी। फिल्म के सहायक कलाकारों में जयराम, सचिन खेडेकर, मुरली शर्मा, वेन्नेला किशोर, लक्ष्मी, रोहिणी, अली, राहुल रामकृष्ण, श्रीकांत अयंगर और शरण्या प्रदीप शामिल हैं। छायाकार मुरली, संपादक प्रवीण पुदी और संगीतकार हेशम अब्दुल वहाब तकनीकी दल का हिस्सा हैं।

# दुनियाभर में बजा पोन्नियिन सेल्वन 2 का डंका

## वर्ल्डवाइड पार किया 300 करोड़ का जादुई आंकड़ा




पोन्नियिन सेल्वन 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. अपनी रिलीज के बाद से फिल्म ने अब तक 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है. इस बात की जानकारी प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने अपने ट्विटर के माध्यम से दी है. लाइका प्रोडक्शंस ने 8 मई को अपने एक ट्वीट में कुछ पोस्टर्स शेयर करते हुए लिखा, सपीएस 2 ने 300 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी हासिल करना जारी रखा है.28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई. इस मामले में फिल्म ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी जान को भी मात दे दी है. निर्माता मणिरत्नाम और ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर फिल्म पीएस-2 साल 2022 में आई पोन्नियिन सेलवन की ही सीक्वल है. पोन्नियिन सेलवन लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेल्वन का ही सिनेमाई रूपांतरण है.पोन्नियिन सेल्वन 2 में ऐश्वर्या राय, विक्रम, त्रिशा कृष्णन, कार्तिक और जयम रवि अहम किरदार में हैं. फैंस ने ऐश्वर्या के काम को खूब सराहा है और विक्रम के साथ उनकी केमिस्ट्री को भी काफी पसंद किया है. फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म में ऐश्वर्या राय ने डबल रोल निभाया है. पीएस 2 को तमिल, हिंदी और तेलुगु में डब करके रिलीज किया गया था. सीक्वल होने के बावजूद फिल्म ने अपने पहले भाग से कई गुना बेहतर प्रदर्शन किया है. पहले भाग ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था. वहीं अब 12 दिनों के अंदर ही पीएस 2 ने 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.बता दें कि अब फिल्म पोन्नियिन सेलवन 2 जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है. जानकारी के मुताबिक 28 जून 2023 को फिल्म अमेजन प्राइम पर रिलीज की जाएगी. हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा नहीं की गई है।

# भारत में हॉरर-थ्रिलर जॉनर के साथ न्याय नहीं हुआ है : गुल पनाग



हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग शॉर्ट फिल्म द हॉन्टिंग में अपने काम के लिए सराहना बटोर रहीं एक्ट्रेस गुल पनाग का मानना है कि भारत में हॉरर जॉनर को अभी अपनी वास्तविक क्षमता तक पहुंचना बाकी है। एक्ट्रेसक ने शॉर्ट फिल्म में एक मनोचिकित्सक की भूमिका निभाई है, जिसमें एरिका फर्नांडीस और प्रकृति मिश्रा भी हैं। हॉरर शॉर्ट फिल्म मौसमी नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिस पर भूतों का साया है और उस पर अपने सबसे करीबी दोस्त की हत्या का आरोप है। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित बताई जा रही है और इसका निर्देशन तनवीर बुकवाला ने किया है।हॉरर जॉनर पर अपने विचार साझा करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, हॉरर-थ्रिलर जॉनर पर मेरे दो विचार हैं, पहला अभिनेता के रूप में और दूसरा एक दर्शक के रूप में। एक अभिनेता के रूप में मेरा विचार है कि हमने भारत में हॉरर-थ्रिलर जॉनर के साथ न्याय नहीं किया है। हमने एक ही तरह का हॉरर-थ्रिलर जॉनर किया है। जबकि इसका दायरा काफी बड़ा है।उन्होंने कोरियाई और जापानी हॉरर के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोर डाला, जिसने पूरी दुनिया में मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा, देखिए बाकी दुनिया क्या कर रही है। कोरियाई अपनी हॉरर जॉनर के साथ क्या कर रहे हैं। जापानी आगे हैं। बेशक, हॉलीवुड ने लंबे समय तक अविश्वसनीय हॉरर किया है। इसलिए, मुझे लगता है कि हॉरर में परफॉर्मेंस करने की गुंजाइश, इंक्रेडिबल विजुअल इफेक्ट्स वाली फिल्मों का हिस्सा बनने की गुंजाइश बहुत बड़ी है।उन्होंने आगे कहा, अब, एक दर्शक के रूप में मुझे व्यक्तिगत रूप से डरावनी फिल्में देखने से डर लगता है। अगर आप शानदार फिल्में बनाते हैं, तो दर्शक डर जाएंगे, जो एक डरावनी फिल्म का प्रमुख लक्ष्य है। द हॉन्टिंग फिलहाल अमेजन मिनी टीवी पर उपलब्ध है।




# द केरला स्टोरी ने पास किया लिटमस टेस्ट, 50 करोड़ के करीब पहुँची




निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की सुदीप्तो सेन निर्देशित फिल्म द केरला स्टोरी ने अभिनेत्री अदा शर्मा को हिन्दी सिनेमा के दर्शकों से बेहतरीन तरीके से रू-ब-रू कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी 1920 से अपना करियर शुरू करने वाली अदा शर्मा विपुल अमृतलाल शाह की कमांडो सीरीज में लगातार दिखाई देती रही हैं। द केरला स्टोरी उनकी पहली बहुप्रचारित और बहु सफल फिल्म साबित हुई है। पिछले चार दिन से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करने में लगी है। द केरल स्टोरी रिलीज के बाद से ही बहस का मुद्दा बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर राजनितिक पार्टी पर भी जमकर बयानबाजी कर रही हैं। मध्यप्रदेश के बाद अब उत्तरप्रदेश सरकार ने भी इस फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि अब इसके कारोबारी आंकड़ों में उछाल देखने को मिलेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वे अपनी कैबिनेट के साथ इस फिल्म को देखेंगे। जब से यह समाचार सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, तभी दर्शकों में केरला स्टोरी के प्रति उन्माद नजर आने लगा है। सिनेमाघरों के बाहर भीड़ बढने लगी है।अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी रिलीज से पहले विवादों में आ गई थी। फिल्म में केरल के एक ऐसे मुद्दे को उठाया गया है, जिसको लेकर राजनिति शुरू हो गई है। इस विवाद से फिल्म को नुकसान की जगह फायदा होते दिख रहा है। फिल्म द केरल स्टोरी को रिलीज हुए चार दिन पूर हो गए है। जिसके बाद अब फिल्म की कमाई को लेकर नए आंकड़े सामने आ गए है। अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी ने चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर 10.07 करोड़ रुपये कमाए है। इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 45.72 करोड़ रुपये हो गया है। लेकिन जानकारी के लिए बता दें फिल्म कमाई में तीसरे दिन के मुकाबले गिरावट देखने को मिल रही है। अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी ने बॉक्स ऑफिस पर तीसरे दिन 16.40 करोड़ रुपये कमाए थे।

# विद्या बालन फिल्म नीयत से 6 साल बाद बड़े पर्दे पर करेंगी वापसी

## रिलीज डेट जारी

विद्या बालन उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो मुश्किल से मुश्किल किरदार को बड़ी सहजता से पर्दे पर उतार लेती हैं। उनकी पिछली हर रिलीज में उनके काम की तारीफ हुई है। फिल्म शेरनी हो, शकुंतला देवी हो या जलसा, विद्या ने अपनी दमदार अदाकारी से हर किरदार जीवंत बना दिया। हालांकि. उनकी ये सभी फिल्में हुआ पर आई। अब विद्या फिल्म नीयत के साथ रुपहले पर्दे पर लौटने को तैयार हैं। आइए जानते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी। विद्या ने अपनी इस फिल्म का पोस्टर इंस्टाग्राम पर साझा किया और लिखा, मकसद सामने आ जाएगा। राज चौंका देगा। नीयत 7 जुलाई, 2023 को केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह पोस्ट करने की देर थी कि उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठे। एक ने लिखा, पोस्टर तो लाजवाब है। दूसरे ने लिखा, कब से आपको रुपहले पर्दे पर देखने का इंतजार था। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, बस आप अब ये बताइए कि इसका ट्रेलर कब आएगा? पोस्टर में फिल्म के सभी 10 कलाकारों की तस्वीर दिखाई दे रही हैं। इस फिल्म में विद्या के साथ राम कपूर, राहुल बोस, नीरज काबी, शहाना गोस्वामी, अमृता पुरी, दीपानिता शर्मा, निकी वालिया, शशांक अरोड़ा, प्राजक्ता कोली और दानेश रजवी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में विद्या जासूस बनी हैं। इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल ब्रिटेन में शुरू हुई थी। फिल्म की निर्देशक अनु मेनन हैं, जिन्होंने विद्या की फिल्म शकुंतला देवी का निर्देशन किया था। विद्या को आखिरी बार बड़े पर्दे पर नवंबर, 2017 में रिलीज हुई फिल्म तुम्हारी सुलु में देखा गया था। टी-सीरीज और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में विद्या ने एक मध्यमवर्गीय परिवार में रहने वाली गृहिणी सुलोचना यानी सुलु का किरदार निभाया था, जिसे रेडियो शो सुनना पसंद है। इस फिल्म में विद्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया था कि वह अपने अभिनय के दम पर फिल्म चलाने का माद्दा रखती हैं। विद्या ने धारावाहिक हम पांच से करियर शुरू किया था। 2005 में उन्होंने परिणीता से बॉलीवुड में कदम रखा। अभिनेत्री अब एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म में नजर आएंगी, जो आधुनिक रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके नाम की घोषणा अभी नहीं हुई है। इसमें उनके साथ प्रतीक गांधी और इलियाना डीक्रूज हैं। फिल्म में विद्या, काव्या नाम की एक महिला का किरदार निभाएंगी। शिरिषा गुहा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग नवंबर, 2021 में शुरू हुई थी।

# लिजा मलिक ने दिल्ली में डिजाइन किया अपना घर, बोलीं : यह निजी स्पर्श देता है



अभिनेत्री और गायिका लिजा मलिक ने इंटीरियर डिजाइनिंग में अपनी रुचि और दिल्ली में अपने घर की डिजाइनिंग के बारे में बात की। अपने दम पर आंतरिक सज्जा करने के बारे में उन्हें सबसे ज्यादा क्या पसंद है, इस बारे में साझा करते हुए लिजा ने कहा - अपने घर को डिजाइन करने के फायदों में से एक यह है कि हम हर चीज से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। मुझे अपने घर को सजाना और अपने घर को स्टाइल से भरना पसंद है।अभिनेत्री ने कहा कि वह बिना किसी दखल के अपनी पसंद से सब कुछ डिजाइन कर सकती हैं।लिजा ने तोरबाज' से बॉलीवुड में कदम रखा और कॉमेडी क्लासेस', कॉमेडी सर्कस', भाग बकूल भाग' जैसे टीवी शो में काम किया।अभिनेत्री ने कहा कि जब कोई घर को सजाता है तो हर चीज में एक भावनात्मक स्पर्श होता है जो पेशेवर इंटीरियर डिजाइनरों के साथ संभव नहीं है।उन्होंने कहा, मैं इसे अपने दम पर करना पसंद करती हूं और मेरा मानना है कि यह अनावश्यक महंगी वस्तुओं की तुलना में कहीं बेहतर सजावट को एक व्यक्तिगत स्पर्श देती है। यह एक शानदार अनुभव था और मैं अपने काम से पूरी तरह खुश हूं।

# स्वच्छता की शपथ लेकर थामा जीवन साथी का हाथ, सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोडों का हुआ विवाह





नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित विवाह सम्मेलन में शामिल प्रत्येक वर.वधु को कन्या के नाम 49 हजार रुपए बैंक खाते में एवं विवाह प्रमाणपत्र प्रत्येक जोडे को प्रदान किए गए।सामूहिक विवाह सम्मेलन में आज एक बहुत अच्छी और प्रेरणादायी बात देखने को मिली। ग्वालियर नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 10 वर-वधुओं का विवाह सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह में सभी वर-वधु एवं उनके परिजनों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। नगर निगम के सभापति मनोज तोमर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि जिस प्रकार वह अपने जीवन साथी को दिए सात वचनों का जीवनभर पालन करते हैं, उसी प्रकार शहर को साफ व स्वच्छ रखने के लिए ली गई शपथ का भी पालन करें।स्वच्छता की शपथ लेकर थामा जीवन साथी का हाथ, सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोडों का हुआ विवाह ग्वालियर में आज फूलबाग चिड़ियाघर (गांधी प्राणी उद्यान) के सामने स्थित ऐतिहासिक बारादरी पर नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत बुधवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 10 वर वधुओं के विवाह कराए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के सभापति मनोज सिंह तोमर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिध कृष्णराव दीक्षित ने सभी नव विवाहित जोड़ों को सफल एवं सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

### 49 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में पहुंचाए

-सभापति मनोज सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना लाभकारी योजना के रूप में प्रदेश में फलीभूत हो रही है जिसका लाभ लाखों लोगों को मिल रहा है। लोग इसी प्रकार के आयोजन से अपने बच्चों के विवाह बिना किसी खर्च के धूमधाम से कर सकते हैं। नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित विवाह सम्मेलन में शामिल

## गोविंद सिंह ने फिर दिया अनूप मिश्रा को ऑफर, बोले- उनकी दुर्दशा मुझसे देखी नहीं जा रही, सीएम शिवराज रहे निशाने पर



पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने आज ÷नारी सम्मान योजना÷ को लॉन्च कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ÷ला?ली बहना योजना÷ को सीधी चुनौती दी है। कांग्रेस ने ÷नारी सम्मान योजना÷ के तहत उनकी सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये और मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है, आज से कांग्रेस ने योजना के फॉर्म भरवाना शुरू कर दिए हैं। योजना लॉन्च होने के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस की जिसमें उनके निशाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा की सरकार रही।ग्वालियर में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस की, प्रेस कांफ्रेंस में विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार, विधायक प्रवीण पाठक, विधायक सुरेश राजे , महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार, ग्वालियर प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान , जिला अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।गोविंद सिंह ने फिर दिया अनूप मिश्रा को ऑफर, बोले- उनकी दुर्दशा मुझसे देखी नहीं जा रही, सीएम शिवराज रहे निशाने परडॉ गोविंद सिंह ने शिवराज कैबिनेट द्वारा आज प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों से संबंद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के 2 लाख रुपए तक के 11.19 लाख डिफॉल्टर किसानों के ऊपर बकाया ब्याज की राशि 2123 करोड़ रुपये माफ करने के लिए ब्याज माफी योजना को मंजूरी देने के निर्णय के सवाल पर कहा कि मैं सहकारिता मंत्री रहा हूँ, उस समय प्रदेश के सहकारी बैंकों की स्थिति अच्छी थी

# वीर प्रतापी महाराणा प्रताप जी की जयंती पर भव्य क्षत्रिय शोभायात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मां भारती के सच्चे वीर सपूत महान राष्ट्रभक्त जिनकी वजह से आज सभी सनातनी हिन्दू हैं ऐसे महान देशभक्त हिंदुस्तान की आन बान शान क्षत्रिय राजपूत सम्राट महाराणा प्रताप जी की जयंती पर शत शत नमन भगवान श्री रामचंद जी के आशीर्वाद तथा समस्त गोवर्धन कॉलोनी टीम दुवरा ओर भाई राजू राजावत तथा आशू प्रताप सिंह राजावत (डमनापुरा मछंड) ओर राजा चौहान जी ओर अभिषेक भदोरिया ,अभय भदोरिया ,राहुल सिकरवार, निक्कु राजावत , शिवम् परमार , राघवेंद्र शिसोधिया ,ओर गुल्लू सिकरबार प्रतीक उपाध्या , तरुण तोमर आकाश चौहान रितिक सेंगर ओर साथ में सभी गोवर्धन कालोनी के युवा साथियों द्वारा दिनांक 9 मई महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर समस्त ग्वालियर वासियों ने ओर सभी लोगों के द्वारा महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा,गोले का



मंदिर चौराहे पर एकत्रित होकर युगपुरुष महाराणा प्रताप जी को याद करके महाराणा जी को नमन करने हेतु शाम को कटारें फार्म से डी डी नगर व पिंटू पार्क से गोला का मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा व विशाल बाइक रैली ओर पदयात्रा की ओर साथ में हज़ारों की संख्या में लोग पधारे सभी बरिस्टजन ओर युवायो के द्वारा एक भव्य प्रदर्शन किया गया अशुप्रताप सिंह राजावत ने कहा कि ग्वालियर के इतिहास में एषा प्रोग्राम महाराणा प्रताप की जयंती के शुभ अबसर पर रखा गया ओर सभी ने मिलकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अभिषेक तथा सभी पधारे अथिथि ओर युवाओं ने श्रृधा सुमन व मलाये से प्रतिमा को सजाया ओर सभी ने माल्यार्पण किया तथा गोले मंदिर चौराहे ग्वालियर में महाराणा प्रताप के पराक्रम की सोर्यगाथा सुनाई व प्रतिमा को चारों ओर से लाइटिंग दवरा सजाया गया ओर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया अशुप्रताप सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप वो पराक्रमी महान सूरवीर है जिन्होंने समाज पर आई विपदा के लिए अपना सर्वस्व समाज पर न्योछावर कर दिया ऐसे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर **शत शत नमनप्रतापी महाराणा**

# न्यायालय ने चेक बाउंस के आरोपी को किया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर- न्यायालय ने चेक बाउंस के आरोपी को बरी कर दिया है, एडवोकेट दीपक सिंह परमार ने बताया कि सुमन सचान ने कृष्ण कुमार तायल पर आरोप लगाया था कि उसने निजि आवश्यकता के लिये 35 हजार रुपये उधार लिये थे, लेकिन वापस नही किए। आरोपी द्वारा जो 35000 रूपये का जो चेक दिया यह भी वाउंस हो गया था सम्पूर्ण ट्रायल के उपरांत कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि परिवादी के परिवाद से यह प्रमाणित नहीं होता है कि चैक अनादरित होने की सूचना देने के पश्चात् भी विहित समयावधि में परिवादी को उक्त चैक की राशि का भुगतान नहीं किया गया। अतः उपरोक्त संपूर्ण विवेचना के आधार पर स्पष्ट है कि परिवादी अपना मामला अभियुक्त के विरूद्ध युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल रहा है कि अभियुक्त ने परिवादी द्वारा चैक अनादरित होने की सूचना देने के बाद भी विहित समयावधि में परिवादी को उक्त चैक की राशि भुगतान नहीं की जिसके चलते कृष्ण कुमार तायल को न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया।

# ग्वालियर - शेओपुरकलां आमान परिवर्तन हेतु रायरू स्टेशन पर लॉजिक अल्टरेशन का कार्य संपन्न

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम अभियंता (समन्वय) अमित गोयल एवं वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम अभियंता (एमएल) विष्णु गुप्ता के नेतृत्व में आज दिनांक 11/05/23 समय 14ः25 से 15ः30 बजे तक का ट्रैफिक ब्लाक लेते हुए रायरू स्टेशन पर संस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में ब? परिवर्तन करते हुए, संरक्षा की दृष्टि से अधिक सुदृण बनाया गया 7 परिवर्तन उपरान्त रायरू नॉन इंटरलॉकिंग की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार है गेज कोन्वेर्जन लाइन के लिए मौजूदा होल्डिंग रेल लाइन





क्रमांक 1 तथा 6 का विस्तार ।मौजूदा रूट की संख्या 254 से बढकर 337 हुई ।बदलाव उपरान्त संशोधित लोड की आवश्यकता हेतु मौजूदा बैटरी बैंकअप के साथ 300 ए एच क्षमता का एक अतिरिक्त बैटरी बैंकअप ।02 टर्न आउट्स के संस्थापन के साथ पॉइंट मशीन की संख्या 53 से बड़कर 57 हुई ।जी से लाइन में 08 नए सिग्नल का संस्थापन ।ट्रैक सर्किट की संख्या 108 से बड़कर 124 हुई ।उक्त बदलाव इंटरलॉकिंग सिस्टम को अत्याधुनिक बनाते हैं, जिससे सिग्नल प्रणाली यात्री संरक्षा की दृष्टि से और भी भरोसेमंद और टिकाऊ हो गयी है इस अवसर पर सहायक मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम अभियंता आदित्य कमल एवं रोनित मीना, यातायात निरीक्षक जी एस राठौर, सञ्चालन निरीक्षक डी पी सिंह एवं सुरेश कुमार उपस्थित रहे

**थाना आंतरी पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा**

# पिता के नशा करने से तंग आकर बेटे ने ही की थी अपने पिता की हत्या, पुलिस ने पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** थाना आंतरी जिला ग्वालियर में फरियादी राजेन्द्र सिंह जाट ने अपने भाई गजेन्द्र सिंह जाट की घर के बाहर रात्रि में सोते समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किये जाने के संबंध में रिपोर्ट की थी, जिस पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 84/23 धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण कर उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री जयराज कुबेर को उक्त हत्या की घटना का शीघ्र पर्दाफाश कर आरोपी की पतारसी हेतु थाना बल की एक टीम बनाकर लगाने के निर्देश भी दिये।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री विवेक कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आंतरी दीपक सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना बल की टीम को उक्त हत्या की घटना का पर्दाफाश



करने के लिये लगाया गया और मुखबिर तंत्र को विकसित किया गया। पुलिस टीम को प्रारंभिक विवेचना में कोई भी तकनीकी साक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका था। मृतक के परिजनों द्वारा भी किसी पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया गया, जिस कारण से आरोपी की पतारसी नहीं हो पा रही थी। पुलिस टीम द्वारा मृतक की किसी से रंजिश होने के संबंध में भी जानकारी ली गई लेकिन ऐसी कोई जानकारी नही मिली। विवेचना के दौरान आये भौतिक साक्ष्यों व मुखबिर सूचना से पता चला कि मृतक का पुत्र अपने पिता के शराब पीने की आदत से परेशान था और दोनों के बीच विवाद भी होता था, पुलिस को उक्त घटना में प्रथम दृष्टया संदिग्ध मृतक का पुत्र ही लगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध को आज दिनांक 11.05.2023 को पक? लिया गया और उससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा काफी पूछताछ करने पर उसने घटना दिनांक को अपने पिता की हत्या करना स्वीकार किया, पक? गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने पिता की दिनांक 05/06.05.2023 की दरम्यानी रात में लोहे की रोड से हत्या कर दी थी और लोहे की रोड को घर के पास ही छिपा दिया था। पुलिस टीम द्वारा पक? गये आरोपी की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रोड, खून लगा कपडा व वक्त घटना पहने कप?ों को विधिवत् जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका पिता शराब व गाँजे का नशा करता था, जिसके कारण वह घर के पैसों को बरबाद करता था और आये दिन गृह कलेश भी करता था, सभी घरवालों को गाली गलौच भी करता था, जिससे परेशान होकर मैंने अपने पिता की शराब के नशे में सोते समय लोहे की रोड से हत्या कर दी थी। थाना आंतरी पुलिस द्वारा उक्त घटना के आरोपी को अपराध क्रमांक 84/23 धारा 302, 201 भादवि में गिरफ्तार किया गया।

**लंबाई बढ़ाता है ताड़ासन : चाकणकर**

# समर कैंप में जिला योग प्रभारी ने बताए कहानी लेखन के गुर

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। ताड़ासन संस्कृत के दो शब्द ताड़ अर्थात पर्वत और आसन अर्थात बैठने की मुद्रा को मिलाकर बना है। ताड़ासन करने से लंबाई बड़ने के साथ साथ पाचन तंत्र भी मजबूत होता है, शरीर में रक्त संचार सही होता है, घुटनों, टखनों और भुजाओं में मजबूती आती है।स्वास्थ्य की दृष्टि से ताड़ासन बहुत ही लाभकारी योग है। ये सरल आसन है जिसे प्रार्थना के समय रोजाना किया जान चाहिए। उपरोक्त उदगार जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय उमावि सीएम राइस बेरजा में आयोजित समर कैंप में योगाभ्यास के दौरान व्यक्त किए। श्री चाकणकर ने बच्चों को कहानी लेखन के गुर भी बताए। इससे पूर्व विकासखंड योग प्रभारी डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर ने बच्चों को प्राणायाम का अभ्यास कराया। तक बौद्धिक क्षमता विकसित करने का व्यायाम कराया। इस अवसर पर योग क्लब प्रभारी श्री सौरव शर्मा समेत समस्त स्टाफ भी मौजूद था।

# सरस्वती शिशु मंदिर की जमीन न छीनें सिधिंया, स्कूल बचाने कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक की केंद्रीय मंत्री सिंधिया को चिट्ठी

चुनावी साल में इन दिनों नेताओं की खतो-किताबत का दौर जारी है यानि नेता एक दूसरे को पत्र लिखकर समस्याओं से अवगत करा रहे हैं , उनके वाडे याद दिला रहे हैं। हम भी आपको यहाँ एक ऐसे ही पत्र की बात बता रहे हैं जिसे ग्वालियर के कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा है, ब?ी बात ये है कि ये पत्र दूसरे पत्रों से थोडा अलग है, आइये जानते हैं इस पत्र के बारे ग्वालियर दक्षिण के विधायक प्रवीण पाठक युवा विधायक हैं, पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं वो खुद को ÷दक्षिण का बेटा÷ कहते हैं और उसी भाव से अपनी विधानसभा में काम करते हैं, इन दिनों वे पिछली 2 अक्टूबर से लगातार अपनी विधानसभा में पदयात्रा कर रहे हैं और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।दक्षिण का बेटा यानि ग्वालियर दक्षिण विधानसभा का विधायक होने के बावजूद उनका ध्यान शहर की समस्याओं पर रहता है, वे उस समस्या से होने वाली तकलीफ को महसूस करते हैं और उसका निराकरण का हल निकालते हैं, हाल ही में उन्हें अपने पुराने स्कूल के स्थानांतरित होने की जानकारी सामने आई तो उन्हें तकलीफ हुई।दर असल प्रवीण पाठक सरस्वती शिशु मंदिर नदी गेट के पूर्व छात्र हैं, यहीं से उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त की है , ये स्कूल महल गेट यानि सिंधिया राज परिवार के जयविलास पैलेस के मुख्य द्वार पर संचालित है, ये कई दशकों से यहाँ संचालित होता आया जिसे अब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हटवाना चाहते हैं।पूर्व छात्र होने के नाते कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक ने अपनी मातृ संस्था सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के स्थानांतरण को रोकने के प्रयास शुरू करते सिंधिया राज परिवार के



मुखिया और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र लिखा है, इस पत्र को उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर भी साझा किया है, पत्र में स्पष्ट रूप से विधायक प्रवीण पाठक ने लिखा है कि ÷यह पत्र मैं आपको विशुद्ध पूर्व विद्यार्थी के नाते लिख रहा हूँ, इसे किसी भी प्रकार के राजनीतिक संदर्भ या अर्थों में व्याख्यायित करने का प्रयास नहीं किया जाए।÷सरस्वती शिशु मंदिर की जमीन न छीनें स्ध्व्ठ्स्त्रद्बड्ड, स्कूल बचाने कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक की केंद्रीय मंत्री सिंधिया को चिट्ठी

चुनावी साल में इन दिनों नेताओं की खतो-किताबत का दौर जारी है यानि नेता एक दूसरे को पत्र लिखकर समस्याओं से अवगत करा रहे हैं , उनके वाडे याद दिला रहे हैं। हम भी आपको यहाँ एक ऐसे ही पत्र की बात बता रहे हैं जिसे ग्वालियर के कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा है, ब?ी बात ये है कि ये पत्र दूसरे पत्रों से थोडा अलग है, आइये जानते हैं इस पत्र के बारे ग्वालियर दक्षिण के विधायक प्रवीण पाठक युवा विधायक हैं, पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं वो खुद को ÷दक्षिण का बेटा÷ कहते हैं और उसी भाव से अपनी विधानसभा में काम करते हैं, इन दिनों वे पिछली 2 अक्टूबर से लगातार अपनी विधानसभा में पदयात्रा कर रहे हैं और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।दक्षिण का बेटा यानि ग्वालियर दक्षिण विधानसभा का विधायक होने के बावजूद उनका ध्यान शहर की समस्याओं पर रहता है, वे उस समस्या से होने वाली तकलीफ को महसूस करते हैं और उसका निराकरण का हल निकालते हैं, हाल ही में उन्हें अपने पुराने स्कूल के स्थानांतरित होने की जानकारी सामने आई तो उन्हें तकलीफ हुई।दर असल प्रवीण पाठक सरस्वती शिशु मंदिर नदी गेट के पूर्व छात्र हैं, यहीं से उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त की है , ये स्कूल महल गेट यानि सिंधिया राज परिवार के जयविलास पैलेस के मुख्य द्वार पर संचालित है, ये कई दशकों से यहाँ संचालित होता आया जिसे अब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हटवाना चाहते हैं।पूर्व छात्र होने के नाते कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक ने अपनी मातृ संस्था सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के स्थानांतरण को रोकने के प्रयास शुरू करते सिंधिया राज परिवार के मुखिया और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र लिखा है, इस पत्र को उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर भी साझा किया है, पत्र में स्पष्ट रूप से विधायक प्रवीण पाठक ने लिखा है कि ÷यह पत्र मैं आपको विशुद्ध पूर्व विद्यार्थी के नाते लिख रहा हूँ,

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478